Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 34 | सोमवार, 03 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी ने कहा

# भारत-इंडोनेशिया के संबंध साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित

नई दिल्ली।

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध सिर्फ भू-राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि ये हजारों साल की साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित हैं तथा दोनों देशों की अनेकता में एकता की परंपरा है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इंडोनेशिया के जकार्ता में श्री सनातन धर्म आलयम के महा कुंभ-अभिषेकम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

मोदी ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं जकार्ता में मुरुगन मंदिर के महा कुंभ-अभिषेक का हिस्सा बना हूं। मैं भले ही जकार्ता से सैकड़ों किलोमीटर दूर हूं, लेकिन मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है, जितना भारत-इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते...मैं महा कुंभ-अभिषेक के अवसर पर वहां के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत से 140 करोड़ भारतीयों का प्यार लेकर गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है, उनके (प्रबोवो) जरिए आप सब हर भारतीय की शुभकामनाओं को वहां अनुभवकर रहे होंगे। मोदी ने कहा, ह्यमैं आप सभी को और भारत-इंडोनेशिया समेत दुनिया भर में भगवान मुरुगन के करोड़ों भक्तों को जकार्ता मंदिर के महा कुंभ-अभिषेकम की बधाई देता हूं। मेरी कामना है तिरुप्पुगल के भजनों के माध्यम से भगवान मुरुगन का यशगान होता रहे। स्कंद षष्ठी कवचम के मंत्र सभी लोगों की रक्षा करें। उन्होंने कहा, भारत और इंडोनेशिया के लोगों के लिए, हमारे रिश्ते सिर्फ भू-राजनैतिक नहीं हैं। हम हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से जुड़े हैं। हम हजारों वर्ष पुराने इतिहास से जुड़े हैं। हमारा संबंध विरासत का है, विज्ञान का है, विश्वास का है। हमारा संबंध साझी आस्था का है, आध्यात्म का है। हमारा संबंध भगवान मुरुगन और भगवान श्रीराम का भी है। और, हमारा संबंध भगवान बुद्ध का भी है। उन्होंने कहा, भारत से इंडोनेशिया जाने वाला कोई व्यक्ति जब प्रम्बानन मंदिर में हाथ जोड़ता है, तो उसे काशी और केदार जैसी ही आध्यात्मिक अनुभूति होती है।



> मोदी ने कहा, 'यह मेरा सौभाग्य है कि मैं जकार्ता में मुरुगन मंदिर के महा कुंभ–अभिषेक का हिस्सा बना हूं। मैं भले ही जकार्ता से सैकड़ों किलोमीटर दूर हूं, लेकिन मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है, जितना भारत–इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते मैं महा कुंभ–अभिषेक के अवसर पर वहां के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।'

## दक्षिण अफ्रीका में भक्तों के लिए खुला सबसे बड़ा हिंदू मंदिर, 14.5 एकड़ में बना



जोहानिसबर्ग।

दक्षिण अफ्रीका का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर भक्तों के लिए खुल गया। दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पाल माशातिले ने बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) संस्था के बहु सांस्कृतिक केंद्र और मंदिर के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीएपीएस के सिद्धांत दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय लोकाचार उबुंटू से मिलते-जुलते हैं। माशातिले ने स्थानीय हिंदू समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र निर्माण में हिंदू समुदाय की भूमिका पर विचार करना चाहिए। गौरतलब है कि यह मंदिर 14.5 एकड़ भूमि पर बना है, जिसमें 34,000 वर्ग मीटर का सांस्कृतिक केंद्र, 3000 सीटों वाला सभागार, 2000 सीटों वाला बैंक्वेट हाल, एक शोध संस्थान, कक्षाएं, प्रदर्शनी और मनोरंजन केंद्र और अन्य सुविधाएं होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2023 में ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के लिए दक्षिण अफ्रीका गए थे तो प्रवासी भारतीयों का समूह उन्हें जोहानिसबर्ग में तैयार हो रहे स्वामी नारायण मंदिर की 3डी तस्वीरें दिखाई थी। अफ्रीका के उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिंदू समुदाय की सांस्कृतिक विरासत एवं मूल्य समृद्ध हैं और इसने हमारे विविधतापूर्ण समाज के सामाजिक ताने-बाने को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## समुद्रयान मिशन के लिए बजट में 600 करोड़ रुपये का आवंटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024 में भारत के समुद्रयान मिशन के लिए 600 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। ये मिशन समुद्र की गहराइयों में सबमर्सिबल के जरिए वैज्ञानिकों को भेजकर अध्ययन करने से जुड़ा है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को बजट में 3649.81 करोड़ रुपये का धन आवंटित किया गया है। यह पिछले बजट से ज्यादा है। पिछले बजट में मंत्रालय को 3064.80 करोड़ रुपये दिए गए थे। समुद्रयान मिशन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत ही आता है। इस मिशन में समुद्र की गहराइयों की मैपिंग करना, 6000 मीटर की गहराई में जाने में सक्षम मानव युक्त समर्सिबल के लिए टैक्नोलॉजी डेवलप करना, गहरे समुद्र में जैव संसाधनों के लिए खनन और थर्मल एनर्जी से चलने वाले प्लांट के लिए इंजीनियरिंग डिजाइन तैयार करना शामिल है।

## बर्फबारी से उत्तर भारत में ठंड



**दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, ओडिशा, असम और मेघालय के विभिन्न इलाकों में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। राजधानी में सोमवार से दो दिन तक हल्की बारिश के आसार हैं। ऐसे में ठंड वापस आ सकती है। मौसम विभाग ने इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है। कई स्थानों पर कोहरा भी छाया रह सकता है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 22 और 09 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। रविवार को सुबह सात बजे करीब सफदरजंग एयरपोर्ट में दृश्यता 200 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम में सुबह चार बजे दृश्यता 50 मीटर रही।

## महाकुंभ

# बसंत पंचमी पर तीसरा अमृत स्नान शुरू

महाकुंभनगर।

बसंत पंचमी के अवसर पर तीसरे अमृत स्नान के लिए अखाड़े त्रिवेणी संगम घाट पहुंचे।

यहां विभिन्न अखाड़ों के साधु-संतों ने अमृत स्नान किया। सोमवार तड़के से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। विभिन्न अखाड़ों के महामंडलेश्वरों ने जुलूस का नेतृत्व किया। स्वामी बालका नंद गिरि जी ने सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रशासन ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है। स्वामी कैलाशानंद गिरि जी ने कहा कि आज बसंत पंचमी के अवसर पर देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। आज तीसरा 'अमृत स्नान' भी है। आज का दिन बहुत पवित्र है। नागा साधु भी बड़ी संख्या में अमृत स्नान के लिए त्रिवेणी संगम में पहुंचे हैं। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि आज बसंत पंचमी के अवसर पर 'अमृत स्नान' है और महानिवार्णी अखाड़े और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़े का जुलूस संगम घाट की ओर बढ़ रहा है। सुरक्षा के लिए उचित इंतजाम किए गए हैं।

### 34.97 करोड़ लोगों ने लगाई पवित्र डुबकी

सूचना निदेशक शिशिर ने बताया कि सुबह 4 बजे तक 16.58 लाख श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके थे। 13 जनवरी से अब तक डुबकी लगाने वालों की कुल संख्या 34.97 करोड़ हो गई है। इसमें 10 लाख कल्पवासी और 6.58 तीर्थयात्री शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि सोमवार को ही करीब पाँच करोड़ श्रद्धालु आएंगे। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के उपायों को कड़ा किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खुद तैयारियों का निरीक्षण किया।



## ब्रिटेन दौरे पर जर्मन चांसलर का स्वागत

**नई दिल्ली।** कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री निवास चेकर्स में शोल्ज की मेजबानी की, जो लंदन से 50 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में बकिंघमशायर में है। सोमवार को शोल्ज और स्टार्मर बेल्जियम में यूरोपीय संघ के प्रमुखों से मिलने जाएंगे। इससे पहले ब्रिटिश नेता संबंधों को सुधारने का प्रयास करेंगे। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज रविवार को ब्रिटेन दौरे पर पहुंचे, जहां ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने उनका स्वागत किया। दोनों की यह मुलाकात यूरोपीय संघ के साथ संबंध सुधारने की दिशा में एक कदम है। स्टार्मर ने प्रधानमंत्री निवास चेकर्स में शोल्ज की मेजबानी की, जो लंदन से 50 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में बकिंघमशायर में है।

## विवादों में घिरीं ममता कुलकर्णी करेंगी अमृत स्नान

प्रयागराज। किन्नर अखाड़े से महामंडलेश्वर बनाई गई फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी भी अमृत स्नान करने कुंभ नगरी पहुंच गई। उनको महामंडलेश्वर बनाए जाने के बाद से कुंभ नगरी में खासा विवाद छिड़ा है। किन्नर अखाड़े से महामंडलेश्वर बनाई गई फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी भी अमृत स्नान करने कुंभ नगरी पहुंच गई। उनको महामंडलेश्वर बनाए जाने के बाद से कुंभ नगरी में खासा विवाद छिड़ा है। किन्नर अखाड़ा संस्थापक रहे ऋषि अजय दास ने उन ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को पद से हटा दिया।

# अयोध्या में हुई दलित लड़की की हत्या पर सीएम योगी ने दी प्रतिक्रिया, सपा को खूब सुनाया

नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अयोध्या में एक लड़की का शव बरामद होने की घटना का भी जिक्र करते हुए दावा किया कि दलित बेटी के साथ हुई इस घटना की जांच में दोषी व्यक्ति सपा का ही निकलेगा।

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर जोरदार हमला करते हुए उसे 'सनातन विरोधी' करार दिया और आरोप लगाया कि इसे सिर्फ 'गाजी' और 'पाजी' ही प्यारे हैं। आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए इसे (उपचुनाव को) 'राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद' का चुनाव करार दिया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, समाजवादी पार्टी (सपा) सनातन धर्म विरोधी है। वह सामाजिक न्याय के पुरोधाओं और महापुरुषों की विरोधी है। यह भारत विरोधी तत्वों और माफिया को गले लगाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा के लोगों का पेशा ही अपराध करना, गुंडागर्दी करना, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाना है। उन्होंने दावा किया कि इनका तो नारा ही था कि समाजवादियों का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है। उन्होंने कहा, 'समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष (अखिलेश यादव) के पिछले दो महीनों के ट्वीट (एक्स पर की गयी पोस्ट) को देखिये। उन्होंने इस दौरान जितने भी वक्तव्य दिए हैं, वे इस सदी के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ का विरोध करते हुए दिए हैं।



## अयोध्या में दलित महिला की क्रूर हत्या का मुद्दा गरमाया, राहुल गांधी ने योगी सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली।

अपने 'एक्स' पर किए पोस्ट में, राहुल गांधी ने लिखा, 'अयोध्या में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है। तीन दिनों से गूंजती बच्ची के परिवार के मदद की पुकार पर अगर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन की रक्षा हो सकती थी।' उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुई 22 वर्षीय दलित महिला की क्रूर हत्या अब राजनीति का मुद्दा बन गयी है। अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बाद अब राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लेकर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उनको अपने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने योगी सरकार को खूब सुनाई है। अपने 'एक्स' पर किए पोस्ट में, राहुल गांधी ने लिखा, 'अयोध्या में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है। तीन दिनों से गूंजती बच्ची के परिवार के मदद की पुकार पर अगर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन की रक्षा हो सकती थी। एक और बेटी के जीवन का इस घिनौने अपराध से अंत हो गया। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह रोना-तड़पना पड़ेगा?' राहुल ने आगे लिखा, 'बहुजन विरोधी भाजपा राज खास कर उत्तर प्रदेश में दलितों पर घृणित अत्याचार, अन्याय और हत्या बेलगाम बढ़ता जा रहा है।' उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से इस अपराध की जांच करने की मांग की। उन्होंने लिखा, 'उत्तर प्रदेश सरकार इस अपराध की तुरंत जांच कर, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के साथ ज़िम्मेदार पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करे।



## 'समझदार को इशारा काफी'

# उप राष्ट्रपति धनखड़ बोले- अवैध प्रवासियों को नहीं झेल सकता देश



नई दिल्ली।

देश करोड़ों अवैध प्रवासियों को नहीं झेल सकता है। देश में कई स्थानों पर जन सांख्यिकी बदल रही है और चुनावी राजनीति से उसे समर्थन मिल रहा है। यह स्थिति चिंता में डालने वाली है। इसलिए देश के युवा राष्ट्रविरोधी ताकतों का पदार्फाश करने में जुट जाएं। यह बात उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने व ?ल्र्ड फोरम ऑफ एकाउंटेंट्स (डब्ल्यूओएफए) के सम्मेलन में कही है। इस दौरान राज्यसभा के सभापति की हैसियत से धनखड़ ने संसद की कार्यवाही के लगातार बाधित होने पर चिंता जताई। धनखड़ ने कहा कि युवा देश के सामने खड़ी चुनौतियों को समझें और उनसे निपटने के लिए एकजुट होकर आगे आएं। उप राष्ट्रपति ने कहा, समझदार को इशारा काफी है, इसलिए युवा समझ जाएं कि उन्हें सुरक्षित भविष्य के लिए क्या करना है। धनखड़ ने कहा, कुछ लोग देश की विकास की यात्रा को बाधित करना चाहते हैं। वे भारतीयता को भूलकर बातें करते हैं, तरह-तरह के दुष्प्रचार कर रहे हैं, हमें उनसे भी सावधान रहने की जरूरत है उप राष्ट्रपति ने आह्वान किया कि भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट और उनकी फर्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान विकसित करें और वहां पर खुद को स्थापित करें।

## संपादक की कलम से

### टूडो की शिकस्त

अपनी सरकार बचाने के लिये भारत विरोध की हद पार करने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो को करारी शिकस्त मिली है। जिन लोगों को खुश करने के लिये टूडो भारत के खिलाफ बेतुके आरोप गढ़ रहे थे, उन्होंने भी उनका साथ नहीं दिया। उस दल की समर्थन वापसी के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है और नये प्रधानमंत्री के चुने जाने तक कार्यवाहक दायित्व निभा रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को भी इतिहास के सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया था। निज्जर हत्या मामले में विदेशी हाथ के नाम पर भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद इस बाबत एक जांच आयोग बैठा था। बीते मंगलवार कनाडाई जांच आयोग ने भारत के खिलाफ रचे गए आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, टूडो ने निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ होने के आरोप लगाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन कनाडाई आयोग ने सारी शंकाओं को दूर कर दिया है। आयोग ने अपनी रपट में साफ किया कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या में विदेशी भूमिका के बाबत कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जाहिर है, तथ्यों को तोड़मरोड़ कर टूडो ने जिस तरह भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची थी, उस पर पानी फिर गया है। इस तरह टूडो ने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये समर्थन देने वाले जिस दल को खुश करना चाहा था, उसने भी समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर भारत के साथ संबंधों को भी उन्होंने सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया। टूडो को लेकर एक बार फिर वही कहावत चरितार्थ हुई है कि ह्यन खुदा ही मिला न विसाल–ए–सनम, न इधर के हुए न उधर के हुएह्न। बहरहाल, इस रिपोर्ट के आने बाद आस जगी है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि टूडो ने न केवल देश के सार्वजनिक मंचों बल्कि अपने देश की संसद में भी आरोप लगाया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका रही है। निश्चित रूप से कनाडा की संसद में दिया गया टूडो का यह बयान अपरिपक्व व गैरजिम्मेदार था। आखिर कैसे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मयार्दाओं का ध्यान रखे बिना किसी देश को कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? कैसे टूडो ने बिना जांच–पड़ताल के ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को दोषी घोषित करने के नापाक मंसूबे पाल लिए? भारत ने कई बार टूडो सरकार से सबूत मांगे, जो भारत को कभी उपलब्ध ही नहीं कराए गए। इस तरह भारत के पक्ष पर मोहर लगाकर कनाडाई जांच आयोग ने साबित कर दिया है कि टूडो का भारत विरोध दुराग्रहों से ही प्रेरित था। यही वजह थी कि दोनों देशों ने एक–दूसरे के राजनयिकों को अपने देशों से निकाला और इससे नागरिकों का मुक्त आवागमन बाधित हुआ है।



ललित शर्मा
संपादक

## समान नागरिक संहिता लागू करने वाला प्रथम राज्य बना उत्तराखंड

देवभूमि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। वर्ष 2022 में उत्तराखंड विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने राज्य में सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनते ही अपने मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता के प्रस्ताव तथा उसके लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने की अनुमति दी थी। उत्तराखंड विधानसभा में यह विधेयक पारित हो जाने के बाद 27 जनवरी 2025 को यह कानून लागू हो गया है। कानून के क्रियान्वयन के लिए एक पोर्टल भी लांच किया गया है जिसमें सभी दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। समान नागरिक संहिता कानून लागू होने के कारण राज्य में व्यापक बदलाव होने जा रहा है। यह कानून महिला सुरक्षा को व्यापक स्तर पर प्राथमिकता दे रहा है। यह कानून अनुसूचित जातियों/जनजातियों को छोड़कर संपूर्ण उत्तराखंड राज्य तथा राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के समस्त निवासियों पर लागू होगा।

पोर्टल लांच करते समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कानून में किसी भी धर्म की मूल मान्यताओं और प्रथाओं को समाप्त नहीं किया गया है। इस कानून द्वारा सभी लोगों के लिए शादी, तलाक और उत्तराधिकार के नियमों को समान किया गया है। सभी धर्म के लोग अपने-अपने रीति रिवाज के अनुसार शादी कर सकते हैं।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाली सेक्युलर ताकतों तो यह कानून पसंद नहीं आ रहा है, वहीं कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन इस कानून को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक अवसरों पर समान नागरिक संहिता कानून की बात रख चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से संबोधन तथा संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण का जवाब देते हुए भी प्रधानमंत्री मोदी सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रतिबद्धता जता चुके है और उत्तराखंड के माध्यम से यह पहल आगे बढ़ रही है। समान नागरिक संहिता लागू हो जाने के बाद सभी धर्म, जाति व पंथ के लोगों को समान अधिकार मिलने प्रारम्भ हो जायेंगे। इस कानून में महिलाओं को विशिष्ट लाभ प्राप्त होगा।

मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के चलते कांग्रेस ने सदा समान नागरिक संहिता का विरोध किया। अगर कांग्रेस में इच्छाशक्ति होती तो यह कानून पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू जी के समय में ही लागू हो गया होता किंतु वह मुस्लिम तुष्टिकरण में इतने डूब चुके थे कि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित कई कांग्रेसी नेताओं के विचार अच्छे नहीं लगे। यहां तक कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भी संविधान में ही समान नागरिक संहिता को रखने के प्रबल पक्षधर थे और इन्हीं सब मुद्दों के कारण डॉ. अम्बेडकर और नेहरू जी के मध्य विवाद था।



उत्तराखंड विधानसभा द्वारा पारित विधेयक चार खंडों में विभाजित है। पहला खंड- यूजीसी की धाराओं के उल्लंघन पर छह माह तक कारावास व 50 हजार रुपए जुमार्ने की व्यवस्था की गई है। विवाह विच्छेद के मामलों में तीन वर्ष का कारावास रखा गया है। पुनर्विवाह के लिए तय नियम के उल्लंघन पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना व छह मास तक के कारावास का प्रबंध किया गया है।

महिलाओं को समान अधिकार- संपत्ति में सभी धर्मों की महिलाओं को समान अधिकार दिया गया है। सभी जीवित बच्चे पुत्र अथवा पुत्री संपत्ति में बराबर के अधिकारी बनाये गये हैं। अगर कसी व्यक्ति की वसीयत नहीं है और उसकी कोई संतान अथवा पत्नी नहीं है तो उत्तराधिकार के लिए रिश्तेदारों को प्राथमिकता दी गई है।

समान नागरिक संहिता का तीसरा खंड अत्यंत विशिष्ट है। जिसमें आजकल प्रचलन में आए लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। लिव इन में पैदा हुए बच्चे को भी वैध संतान माना गया है। अब नये कानून के अंतर्गत लिव इन रिलेशनशिप को कोई भी पक्ष समाप्त भी कर सकता है। यदि किसी भी धर्म का कोई पुरुष अपनी पत्नी को छोड़ देता है तो वह उसे भरण पोषण की मांग कर सकती है। किसी एक पक्ष के नाबालिग अथवा विवाहित होने पर लिव इन की अनुमति नही दी जाएगी।

उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता विधेयक में पति की क्रूरता और विवाहेत्तर संबंधों पर पत्नी को भी तलाक का अधिकार दिया गया है। प्रस्तावित कानूनों के अंतर्गत नपुंसकता या जानबूझकर यौन संबंध नहीं बनाने पर विवाह शून्य हो जायेगा। समान नागरिक संहिता में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस अधिनियम के अलावा किसी अन्य प्रथा/ परंपरा के अंतर्गत तलाक मान्य नहीं होगा। किसी प्रथा रूढ़ी या परंपरा के तहत तलाक देने पर तीन साल की जेल और सजा का प्रावधान भी किया गया है। पूर्व की पत्नी होने के बावजूद पुनर्विवाह करने पर तीन वर्ष की जेल एक लाख रुपये तक जुमार्ना और सजा भी बढ़ाई जा सकती है।

यह कानून उत्तराखंड के सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर देगा, विशेषकर उन महिलाओं के सम्मान व अधिकार की रक्षा होगी जिन परंपराओं में पुरुष वर्चस्व का चलन है। देवभूमि उत्तराखंड की मुस्लिम महिलाओं को अब तीन तलाक, बहुविवाह और हलाला जैसी बर्बर प्रथाओं से मुक्ति मिलेगी। लिव इन रिलेशनशिप को लेकर जो व्यवस्था समान नागरिक संहिता में की गई है उससे लव जिहाद में फंसकर अपने प्राणों तक की आहुति देने वाली बेटियों को भी एक बड़ा सुरक्षा कवच मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई अवसरों पर माना और कहा कि केंद्र सरकार को एक समान नागरिक संहिता लानी ही चाहिए और जिसे उत्तराखंड की सरकार ने पूर्ण कर दिखाया है। उत्तराखंड विधानसभा से समान नागरिक संहिता विधेयक पारित हो जाने के बाद अब उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि अनेक प्रांतों ने भी इसे लागू करने की तैयारी प्रारम्भ कर दी है।

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून को यूनिफार्म की बजाय कॉमन सिविल कानून नाम दिया गया है। यह एक प्रगतिशील कानून है। इस कानून का एकमात्र उद्देश्य महिलाओं और बाल अधिकारों को सुरक्षित करना है। यह कानून लोगों के अधिकार छीनने का नहीं अपितु लोगो को अधिकार देने से सम्बंधित है। यह कानून सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस कानून से विभिन्न धर्मों के वैवाहिक रीतिझ्ररिवाजों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ज्ञातव्य है कि समान नागनिक संहिता के विरोधी इसे बढ़ा चढ़ाकर अपने हिसाब से प्रस्तुत कर रहे हैं। इस कानून के अंतर्गत मुसलमानों में निकाह, सिखों में आनंद कारज, हिंदुओं में अग्नि के समक्ष फेरे और ईसाई की विवाह अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार ही होते रहेंगे।

उच्चतम न्यायालय ने कई अवसरों पर समान नागरिक संहिता लागू करने पर बल दिया है सन 1973 में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एम. एच. बेग ने बहुविवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने और तलाक के मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप की सिफारिश की थी। केरल उच्च न्यायालय के जज वी. खालिद ने भी मार्च 1973 में मुसलमानों से अनुरोध किया था कि वह महिला अधिकारों की दिशा में सुधार पर ध्यान दें। 10 मई 1995 को उच्चतम न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिंह राव से अनुच्छेद 44 पर पुनर्विचार करने को कहा था उस खंडपीठ में न्यायाधीश कुलदीप सिंह और आरएम सहाय शामिल थे। 13 सितंबर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर बल दिया। 11 मई 1962 को कांग्रेस की राज्यसभा सांसद श्रीमती सीता परमानंद ने एक निजी विधेयक प्रस्तुत किया था जिसका शीर्षक था यूनिफार्म सिविल कोड फॉर कंट्री। 29 जुलाई 1986 को केंद्रीय विधि मंत्री हंसराज भारद्वाज ने वादा किया था कि समान नागरिक कानून के प्रस्ताव को लागू करने के लिए सरकार तीव्र गति से प्रयास कर रही है किंतु कांग्रेस यह वादा ही रह गया।

समान नागरिक कानून लागू हो जाने से सबसे अधिक सुरक्षा उन महिलाओं को प्राप्त होगी जो किसी न किसी कुप्रथा का शिकार हो रही थीं। इस कानून से लव जिहाद के माध्यम से होने वाले धर्मांतरण व अवैध गतिविधियों पर भी लगाम लग सकेगी। मुस्लिम समाज के लिए- समान नागरिक संहिता के अंतर्गत मुस्लिम समाज को अब चार शादी करने की छूट नहीं है और बिना तलाक दूसरी शादी भी नहीं हो सकती। सभी धर्मों में लड़कियों की विवाह करने की न्यूनतम आयु 18 और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। - **मृत्युंजय दीक्षित**

## लक्ष्मीनारायण सेन



### बसंत

कविता

आगे महिना के मांग, सिरागे महिना पुष।
फूलगे खेत के सरसों, होगे भौरा सब खुश।।

झरगे रुख के सब पत्ता, होगे खुला अब तन।
दिखत हाबे एकेक नस, होगे खुश इकर मन।।

अही मोर मा नवा अंग, लगहु मै गजब सुन्दर।
हरियर हरियर होही रंग, नस हो जाही अन्दर।।

आमा मा लगही बौर, माथ मा खपाहि मौर।
शरद गरम के होहि मेल, बसंत के चलहि दौर।।

बसंत पंचमी के दिन, ज्ञान दायनी आही।
अज्ञानता ला मिटाहि, ज्ञान जोत जलाही।।

ढुठवा दिखहि भल परसा, पर गजब ललियाही।
सबो मन ला हमर भाही, जाड़ शीत अब जाही।।

महुआ संगी कुचयाहि, अम्वा हा गद्राही।
कोयली गा के गाना, सबके मन ला भाही।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## आत्मनिर्भर भारत की खिलौना क्षेत्र मे दस्तक - 2028 तक 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान



गोंदिया

विश्व में कहीं भी अगर हम खिलौने की बात करें तो अनायास ही बच्चों की काया उभर आती है, खिलौनों को अक्सर बच्चों से संबंधित ही समझा जाता है लेकिन वर्तमान परिपेक्ष में इस शब्द का प्रयोग विस्तृत स्तर पर होता है, यहां तक कि हिंदी अंग्रेजी फिल्मों के नाम भी खिलौना हो चुके हैं। भारतीय खिलौना उद्योग वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले उद्योगों में से एक है, जिसके वर्ष 2028 तक 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है, जो 2022-28 के बीच 12 पेर्सेंट की सीएजीआर से बढ़ रहा है।

साथियों बात अगर हम खिलौनों की भारतीय पावन धरती पर करें तो भारत में खिलौनों का प्रयोग अतिप्राचीन और सिंधु सभ्यता के खंडहरों से भी प्राप्त हुए हैं अगर हम सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेषों को देखेंगे तो हमें बोध होगा कि यह हमारी प्राचीन विरासत और सभ्यता से जुड़े हैं। लेकिन हम देखते हैं कि समय के घूमते चक्र ने किस तरह परिस्थितियां बदल कर रख दी और हम सब प्रौद्योगिकी युग में आ गए जहां हर कार्य, व्यवहार डिजिटल हो गया है वहां भला खिलौने क्यों पीछे रहें! आज खिलौने इस तरह से डिजिटल हो गए हैं, जो पूरी तरह ऑटोमेटिक और प्लास्टिक निर्मित हो गए हैं जो वातावरण के पूर्णता खिलाफ और नुकसान पैदा करने वाले हैं जिन्हें रोकना अत्यंत आवश्यक है उससे नुकसान की हमने कल्पना भी नहीं की हैं।

साथियों बात अगर हमारे स्वदेशी शिल्प, स्वदेशी कला से संजोए खिलौने की करें तो उसमें हमारे देश की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति झलकती है उसे देखकर, उनसे खेलकर आनंद महसूस होता है। उनमें हमारे पूर्वजों की कारीगरी के गुणों का आभास प्रतीत होता है। हमारे भारतीयता की शान हैं। उनके उत्पादन, संग्रहण, बिक्री के लिए उच्च मापदंडों की रणनीतिक रोडमैप नीति बनाने की जरूरत है क्योंकि आज भी हमारी सभ्यता, विरासत के खिलौने विलुप्त नहीं हुए हैं। ग्रामीण स्तरपर पारंपरिक समुदायों द्वारा आज भी बनाए जाते हैं जिसे हम अनेक त्योहारों पर देखते हैं जैसे महाराष्ट्र में पोले के अवसर पर लकड़ी की कारीगरी से बैल का शेप दिया जाता है और छोटे-छोटे बच्चे मर्बोद के दिन घरों, दुकानों पर उसे ले जाकर बौजारा याने अपना पुरस्कार मांगते हैं जो बहुत ही प्राचीन सभ्यता का प्रतीक है जिसे देख कर खुशी होती है। ऐसे ही अनेक अवसरों पर अन्य राज्यों में भी हस्तशिल्पी कारीगरों का प्रचलन होता है जिसे एक प्लेटफार्म प्रदान कर वैश्विक स्तर पर ले जाने की तात्कालिक जरूरत है।

साथियों बात अगर हम देश के पहले इंडिया टॉय फेयर की करें तो पीआईबी के अनुसार इसके उद्घाटन समारोह में माननीय पीएम ने भी कहा था, खिलौनों के साथ भारत का रचनात्मक रिश्ता, क्रिएटिव सम्बन्ध, उतना ही पुराना है जितना इस भूभाग का इतिहास है। सिंधुघाटी सभ्यता, मोहनजो -दारो और हड़प्पा के दौर के खिलौनों पर पूरी दुनिया ने रिसर्च की है। प्राचीन काल में दुनिया के यात्री जब भारत आते थे, वो भारत में खेलों को सीखते भी थे, और अपने साथ खेल लेकर भी जाते थे। आज जो शतरंज दुनिया में इतना लोकप्रिय है, वो पहले ह्यचतुरंग या चादुरंगाह्न के रूप में भारत में खेला जाता था। आधुनिक लूडो तब पच्चीसी के रुप में खेला जाता थाक हमारे धर्मग्रन्थों में भी आप देखिए, बाल राम के लिए अलग-अलग कितने ही खिलौनों का वर्णन मिलता है। गोकुल में गोपाल कृष्ण घर के बाहर अपने मित्रों के साथ कंदुक यानी बॉल से खेलने जाते थे। हमारे प्राचीन मंदिरों में भी खेलों के, खिलौनों के शिल्प को उकेरा गया है। खासकर के तमिलनाडु में, चेन्नई में, अगर आप वहाँ मंदिरों को देखेंगे, तो ऐसे कितने ही उदाहरण देखने को मिलेंगे कि मंदिरों में भी अलग-अलग खेल, अलग-अलग खिलौने, वो सारी चीजें वहाँ आज भी दीवारों पर दिखती हैं।




साथियों बात अगर हम खिलौने और खेल खेलने, बनाने और सीखने पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेबीनार की करें तो पीआईबी के अनुसार मुख्य अतिथि शिक्षा राज्यमंत्री ने भी अपने संबोधन में बच्चों के बौद्धिक विकास और उनमें रचनात्मकता पैदा करने और समस्या को सुलझाने के कौशल को निखारने में खिलौनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीखने-सिखाने के संसाधन के रूप में खिलौनों में अध्यापन कला को बदलने की क्षमता है और खिलौना आधारित शिक्षण का उपयोग माता-पिता द्वारा अपने बच्चों को सिखाने के लिए आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलौने हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत को समझने में मदद करते हैं और बौद्धिक व भावनात्मक विकास को मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह अंतरराष्ट्रीय वेबिनार हमारे देश के आत्मनिर्भर होने की यात्रा को सुगम बनाएगा और देश के आर्थिक विकास में योगदान देगा।अपने संबोधन में वेबिनार की समन्वयक और लैंगिक अध्ययन विभाग, एनसीईआरटी की प्रमुख ने इस बात को रेखांकित किया कि खिलौने हमेशा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। उन्होंने प्लास्टिक के खिलौनों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई, जिसका पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव होता है। उन्होंने ग्रामीण और स्वदेशी शिल्प को बढ़ावा देने और स्वदेशी खिलौनों के उद्योग को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया और बच्चों के दुनिया के बारे अलग तरह से सोचने, पुनर्विचार और कल्पना शक्ति को मजबूत करने के लिए खिलौना आधारित शिक्षण पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वेबिनार के प्रति लोगों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया का भी उल्लेख किया और इसका विवरण साझा किया।पहला तकनीकी सत्र विभिन्न सभ्यताओं और संस्कृतियों में खिलौनों पर आधारित था। इसमें पांच पेपर थे जो विभिन्न विषयों पर खिलौनों और खेलों की परंपरा पर प्रस्तुत किए गए और इसमें इतिहास से उदाहरण लेकर आज के दिन से जोड़ा गया।दूसरा तकनीकी सत्र खिलौनों के साथ विभिन्न अवधारणाओं को सीखना, खिलौना आधारित शिक्षण कला पर केंद्रित था। इस सत्र की अध्यक्षता किम इंस्ले, एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षण), पाठ्यक्रम विभाग, शिक्षण कला एवं मूल्यांकन विभाग, शिक्षा संस्थान, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन ने की। इस सत्र में शिक्षकों और शिक्षकों के प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए।खिलौना डिजाइन शिक्षा, पाठ्यक्रम और करियर, पर केंद्रित तीसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता रवि पवैय्या, प्रोफेसर, औद्योगिक डिजाइन केंद्र, आईआईटी बॉम्बे, मुंबई ने की। विभिन्न डिजाइन संस्थानों के संकाय सदस्यों और एक उद्यमी ने देश में खिलौनों के डिजाइन एजुकेशन पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने खिलौना आधारित शिक्षण पद्धति की दिशा में काम करने के लिए विभिन्न संस्थानों के बीच सहयोग का आह्वान किया।

# सीनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में रैयान दुरार्नी ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम किया रोशन

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 1 फरवरी को आयोजित अंडर-21 सीनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में सेमरियावां विकासखंड के सेहुड़ा गांव के रैयान दुरार्नी ने स्वर्ण पदक जीतकर गांव समेत जिले का नाम रोशन किया है।

1 फरवरी को लखनऊ स्थित चौक स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 75 जिलों के 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें रैयान दुरार्नी ने अपनी प्रतिभा के बल पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया ।कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन एवं उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन, वर्ल्ड कराटे फेडेरेशन एवं एशियन कराटे फेडरेशन से मान्यता प्राप्त तथा इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी से संबद्ध कराटे एसोसिएशन लखनऊ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में रैयान दुरार्नी का दबदबा रहा ।इस प्रतियोगिता में स्वर्ण प्राप्त करने के साथ ही साथ रैयान दुरार्नी का चयन राष्ट्रीय टीम हुआ है तथा आगामी 27 मार्च को हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वह प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। रैयान दुरार्नी अलीगढ़ स्थित अलीगढ़ कराटे चैंपियनशिप एकेडमी में मुख्य प्रशिक्षक नसीम खान के देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

रैयान दुरार्नी को पिछले चार वर्षों में तीन बार स्वर्ण पदक तथा एक बार रजत पदक मिल चुका है।मार्च 2022 में आयोजित प्रदेश स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक तथा दिसंबर 023 में उत्तर भारत कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में रजत पदक एवं दिसंबर 024 में गाजियाबाद में आयोजित अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक मिल चुका है।

सेमरियावां विकासखंड के सेहुड़ा गावं निवासी रैयान दुरार्नी की इस उपलब्धि पर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी,पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण चौबे उर्फ जय चौबे,वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद अहमद,सपा नेता सुबोध यादव,पूर्व प्रमुख महमूद आलम चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महताब आलम उर्फ लड्डू,कराटे चैंपियनशिप एसोसिएशन के सचिव मिर्जा वसीम बेग, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख शब्बीर अहमद, पूर्व प्रमुख मुमताज अहमद,जफीर अली करखी,सुप्रीम कोर्ट के वकील रिजवान अहमद,जफर अहमद, मो. अदनान,गुफरान आजम दुरार्नी, सगीर अहमद,सईद अहमद,शकील अहमद आदि ने मुबारकबाद दी है।

# श्रीजी संगीत विद्यालय का उद्घाटन आज

वेलकम इंडिया

**मथुरा/बरसाना।** ब्रज के प्रख्यात निःस्पृह संत पद्मश्री सम्मानित श्री रमेश बाबा महाराज के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से श्री मान मन्दिर सेवा संस्थान, गह्वर वन, बरसाना में श्रीजी संगीत विद्यालय का शुभारंभ किया जा रहा है।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ. रामजीलाल शास्त्री ने बताया कि विद्यालय का शुभारंभ पद्मश्री श्री रमेश बाबा महाराज और प्रख्यात शास्त्रीय नृत्यांगना एवं स्थानीय सांसद हेमामालिनी सहित मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद् के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा और जिलाधिकारी मथुरा द्वारा देश के सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ गुरुजनों एवं विद्वानों की उपस्थिति में अपराह्न 2 बजे शंखाध्वनि, वैदिक मंत्रोच्चार सहित गौमाता एवं कन्या पूजन के साथ प्रारंभ होगा।

संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष राधाकांत शास्त्री ने बताया कि संस्थान में अध्ययनरत साध्वी बालिकाओं और बालकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत में पारंगत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।इस हेतु तैयारियों को अंतिम रूप देने में अनेक लोग जुटे हुए हैं। श्री बाबा महाराज के स्वप्न को साकार करने हेतु प्राणपण से जुटे प्रख्यात संगीत - गुरु डॉ . राजेन्द्र कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि उद्घाटन के समय देश के प्रसिद्ध शहनाई वादक पं. लोकेश आनंद, दिल्ली का शहनाई वादन आकर्षण का केंद्र होगा।

उन्होंने बताया कि सायं 6 बजे से शास्त्रीय संगीत समारोह का प्रारंभ सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक नितिन शर्मा (दिल्ली) के भक्तिपूर्ण गायन से होगा। उनके साथ तबला पर सचिन शर्मा (दिल्ली) सरस्वती वीणा पर श्यामला सजनानी (मुंबई) और सारंगी पर शंभू सिसोदिया (दिल्ली) संगति कर उसमें चार चांद लगाएंगे।

# एडीजी ने किया गिरिराजजी का दुग्धाभिषेक



**मथुरा/गोवर्धन।** एडीजी आगरा ने तलहटी के प्रसिद्ध दानघाटी मंदिर पहुंचकर गिरिराज प्रभु की पूजा अर्चना की। सेवायतों ने प्रसादी पटुका और छप्पन भोग भेंट किया।उसके बाद उन्होंने पैदल गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई। रविवार को एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ गोवर्धन के दानघाटी मंदिर पहुंचीं और गिरिराज प्रभु का दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना की। वरिष्ठ सेवायत मथुरादास कौशिक उर्फ लाला पंडित और पवन कौशिक के निर्देशन में पूजा सम्पन्न हुई।इसके उपरांत प्रसादी दुपट्टा और छप्पन भोग का प्रसाद भेंट किया।उन्होंने कहाकि गिरिराज जी की शरण में आकर उनको सुखद अनुभूति होती है। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने पैदल गिरिराज प्रभु की सप्तकोसीय परिक्रमा लगाई। परिक्रमा के दौरान उनके साथ अंशु कौशिक साथ रहे। परिक्रमा के उपरांत उन्होंने दानघाटी मंदिर पहुंचकर प्रभु का बाल भोग ग्रहण किया और सेवायत पवन कौशिक को धन्यवाद दिया।इस मौके पर मथुरादास कौशिक उर्फ लाला पंडित, एड. पवन कुमार कौशिक, राजकुमार शर्मा, हरिशंकर कौशिक, अंशु कौशिक, थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा, ऋतु यादव, विनय वौद्ध आदि थे।

# अत्यन्त धूमधाम से संपन्न हुआ ठाकुर श्रीराधा गोलोक बिहारी महाराज का 33वां पाटोत्सव

वेलकम इंडिया

**वृन्दावन।** गौशाला नगर क्षेत्र स्थित श्रीगोलोक धाम आश्रम में ठाकुर श्रीराधा गोलोक बिहारी महाराज का 33वां पाटोत्सव धर्मरत्न स्वामी गोपालशरण देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर ठाकुरजी का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंचामृत से अभिषेक किया गया ।साथ ही उन्हें नवीन पीत पोशाक धारण कराकर उनका भव्य श्रृंगार किया गया ।इसके अलावा उन्हें 56 भोग निवेदित किए गए ।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए गोलोकधाम पीठाधीश्वर धर्मरत्न स्वामी गोपालशरण देवाचार्य महाराज ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन की भूमि अत्यंत पावन व समृद्ध है ।क्योंकि यहां के कण-कण में लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण व उनकी आल्हादिनी शक्ति श्रीराधा रानी की चरण रज विद्यमान हैं ।इसीलिए इस भूमि पर हमने 32 वर्ष पूर्व ठाकुर गोलोक बिहारी महाराज के मंदिर की स्थापना की थी ।इस मन्दिर से देश-विदेश के असंख्य भक्तों व श्रृद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है।

मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के पार्षद पण्डित राधा कृष्ण पाठक एवं सन्त प्रिया शरण भक्तमाली महाराज ने कहा कि धर्मरत्न स्वामी गोपालशरण देवाचार्य महाराज धर्म व अध्यात्म जगत की बहुमूल्य विभूति हैं ।इन्होंने श्रीकृष्ण भक्ति की लहर को समूचे विश्व में प्रवाहित कर असंख्य व्यक्तियों का कल्याण किया है और कर रहे हैं ।उनके द्वारा विश्वभर में श्रीराधा कृष्ण के 108 मन्दिर बनाने का जो संकल्प लिया हुआ है, वो अति प्रशंसनीय है ।इससे न केवल प्रभु भक्ति अपितु सनातन धर्म का भी अत्यधिक प्रचार-प्रसार होगा।



ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रमुख समाजसेवी विजय रिणवां ने कहा कि बसन्त पंचमी का दिन अत्यंत पावन व पुनीत है ।आज का दिन मां सरस्वती के पूजन अर्चन का भी दिवस है ।आज ही के दिन हिन्दी जगत के मूर्द्धन्य साहित्यकार महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी ₹निराला₹ का जन्मदिवस भी है ।उसी क्रम में हम लोग आज ठाकुर श्रीराधा गोलोक बिहारी महाराज का 33 वां पाटोत्सव मना रहे हैं ।आज ही के दिन धर्म रत्न स्वामी गोपालशरण देवाचार्य महाराज का जन्म दिवस व संन्यास तिथि भी है ।इसलिए आज बसंत पंचमी पर्व का महत्व बहुत अधिक बढ़ा हुआ है।

इससे पूर्व ₹महावाणी₹ व ₹गोपाल सहस्त्रनाम₹ का संतो व विप्रों के द्वारा संगीतमय सामूहिक गायन किया गया ।साथ ही प्रख्यात भजन गायक चन्दन महाराज, ब्रज रसिक पण्डित मनोज शर्मा एवं भजन गायक मुकंद शरण आदि ने संगीतमय होली के पदों, भजनों व रसियाओं का गायन किया गया ।तत्पश्चात बधाई गायन हुआ ।जिसमें रुपए, कपड़े, मेवा-मिष्ठान, फल, बर्तन आदि लुटाए गए ।इस अवसर पर इत्र, गुलाब जल व फूलों की होली खेली गई।

महोत्सव में श्रीमद्भागवत के प्रकांड विद्वान आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, प्रमुख समाजसेवी नन्द किशोर रावत, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही ।महोत्सव का समापन संत ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# 180 बच्चों की निशुल्क हृदय रोग की हुई जांच



**मेरठ।** चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन नई दिल्ली के तत्वावधान में रविवार को शाहजहांपुर स्थित बाबूजी की चौपाल पर बच्चों के लिये निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 180 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।यह शिविर शाहजहांपुर निवासी डॉ. फैयाज उल्लाह खान की पुत्री तवक्कुल खान के प्रयासों से आयोजित किया गया ।शिविर के सफल संचालन में चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन के किरण पांडेय, मोहम्मद यूसुफ, दिया थॉमस, सुरेंद्र सिंह और दीपक राजक ने अहम भूमिका निभाई ।शिविर के दौरान आंगनवाड़ी और आशा कार्यकताओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें बच्चों में हृदय रोगों के लक्षणों की पहचान करने और समय पर इलाज सुनिश्चित करने का प्रशिक्षण दिया गया ।इसके साथ ही, प्योर पेटल्स नर्सरी, शाहजहांपुर के स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे और उन्होंने ठऋड स्टाफ और डॉक्टरों को हर संभव सहयोग प्रदान किया, जिससे शिविर का संचालन सुचारू रूप से हो सका ।यह स्वास्थ्य शिविर बच्चों के हृदय स्वास्थ्य को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ ।शिविर को सफल बनाने में अमीर हसन खान ,नसीब आलम खान, खुर्रम खान, सुहैल खान, शाहजैब खान, मन्नान खान, अम्मार खान का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बेसिक विद्यालयों के बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृति कार्यक्रम कर वाहवाही लुटी



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** कबीर मगहर महोत्सव में महोत्सव के मुख्य मंच पर जिले के बेसिक विद्यालयों के बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृति कार्यक्रम कर वाहवाही लुटी। इस दौरान देश भक्ति व भोजपुरी से मिश्रित लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया ।कार्यक्रम का संचाल स्वीटी सिंह ने किया।

कार्यक्र की शुरूआत में कम्पोजिट विद्यालय बकहा के बच्चों ने ₹बड़ा नीक लागे देशवा के माटी₹गीत पर मन मोहक अंदाज में नृत्य प्रस्तुत कर दर्शको का खूब मनोरंजन किया। अपर प्राथमिक विद्यालय काली जगदीशपुर के छात्रों ने ₹जब पानी भरन को जाऊं₹ भोजपुरी गीत को पेश कर गांवों की माटी से लोगों को परिचित कराया ।तामा के छात्रो ने ₹कैईसे खेले जईबू सावन में कजरिया₹ कजरी गीत सुनाकर सावन के महीने का एहसास कराया। इस दौरान श्रोताओं के तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पाण्डाल गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन स्वीटी सिंह ने किया।

# कबीर मगहर महोत्सव के छठवें दिन रविवार को महोत्सव मंच पर भजन व भोजपुरी के लोकगीत गायक ने की शानदार प्रस्तुति

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** मगहर कबीर चौरा परिसर में चलरहे सात दिवसीय कबीर मगहर महोत्सव के छठवें दिन रविवार को महोत्सव मंच पर भजन व भोजपुरी के लोकगीत गायक गोरख नाथ मिश्रा ने भजन व भोजपुरी की शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। उनके गीतों पर श्रोता झूमते रहे।

लोक गीत व भजन गायक गोरखनाथ मिश्र ने कार्यक्रम की शुरूआत कबीर के दोहे ₹ गुरु गोविंद दोऊ खड़े₹ से शानदार अंदाज में की ।जिनकी मधुर आवाज सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हो गये ।इसके बाद ₹नगरी हो अयोध्या सी,,,,₹सुनकर लोगों को भक्ति रस में डुबकी लगाने को मजबूर करदिया ।इसके बाद भक्ति गीत₹ मंदिर में राम होना चाहिए,,₹ को सुनाकर माहौल को भक्ति मय बना दिया।



इसके बाद भोजपुरी गीत के ₹तोहरा संग जाई ₹ को सुना कर भोजपुरी का एहसास कराया।इन्होंने₹ झूलनी का रंग सांचा हमार पियार₹ को गाया तो पूरा पण्डाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।आखरी गीत,दहेज प्रथा पर कुठाराघात करते हुये गीत प्रस्तुत किया जिसके बोल थे₹जनती त जारल जइबू आग में दहेज के,,पाप नहीं करती ये बेटी ससुरा में भेज के,,₹सुनाया जिसको श्रोताओं ने खूब सराहा ।कार्यक्रम का संचालन स्वीटी सिंह ने किया ।कार्यक्रम के बाद महोत्सव कमेटी के सीडीओ जयकेश त्रिपाठी व डीसी मनरेगा द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सदर एसडीएम शैलेश दूब,नायब तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी,अवधेश सिंह,मेराज खान, फैजी खान,मेहदी हसन,अतुल श्रीवास्तव,भानु प्रताप सिंह,चंदन सैनी,मोहम्मद असअद,गुलाम हुसैन आदि मौजूद रहे।

# युवती से दुष्कर्म व अश्लील सामग्री प्रसारित करने के मामले मे वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, कां0 सोनू कुमार, कां0 संतोष कुमार यादव ने थाना महुली से संबंधित मु0अ0सं0 25/2025 धारा 64/333/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त राजन उर्फ आनन्द भास्कर पुत्र बृजभान निवासी मड़हाजोत थाना महुली को धनघटा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक 07.01.2025 को वादिनी के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी व उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजा गया था ।जिसके संबंध में वादिनी द्वारा थाना महुली पर दिनांक 22.01.2025 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# केंद्रीय बजट से बरेली की एयर कनेक्टिविटी को भी मिलेगी उड़ान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना में बजट जारी होने के साथ एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने का लाभ बरेली वासियों को भी मिलेगा। इससे बरेली एयरपोर्ट (सिविल एन्क्लेव) से लंबी दूरी की हवाई कनेक्टिविटी को पंख लग सकेंगे।इस योजना में बरेली से दक्षिण भारत के कई शहरों को जोड़ने की कार्ययोजना की बात कही जा रही है।

सिविल एन्क्लेव के निदेशक अवधेश अग्रवाल का कहना है कि योजना का लाभ बरेली के साथ मुरादाबाद, लखीमपुर और पंतनगर के भी एयरपोर्ट को मिलेगा।इन एयरपोर्ट से कई शहरों के लिए कनेक्टिविटी बढाई जायेगी।केंद्रीय बजट में केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय को 24 सौ करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसके साथ ही उड़ान योजना के तहत 120 नए छोटे शहरों को जोड़ने की भी बात कही गई है।इससे रीजनल कनेक्टिविटी पर जोर दिया जाएगा।इन शहरों में बरेली को भी गिना जा रहा है। बरेली से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की गुंजाइश बहुत है।दक्षिण से बरेली को जोड़ने के लिए पहले से प्रयास किए जा रहे हैं।



चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कोलकाता, सूरत तक हवाई सेवा शुरू कराने की उम्मीद इस साल में है। आपको बता दे कि तीन साल पहले उड़ान योजना से ही सिविल एन्क्लेव की शुरूआत हुई थी और एलाइंस एयर ने बरेली-दिल्ली उड़ान शुरू की थी। पिछले साल से सरकार नए एयरपोर्ट खोलने के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने को ज्यादा प्रयासरत है।उसी का नतीजा है कि बरेली के बाद मुरादाबाद में भी एयरपोर्ट का संचालन शुरू हुआ।

एयरपोर्ट के अधिकारी कहते हैं कि केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय को जो बजट मिला है, उससे एयरपोर्ट के विस्तार और कनेक्टिविटी को बेहतर करने में काफी सहूलियत मिलेगी।

## अप्रैल से कुशीनगर के लिए शुरू की जाएगी बरेली से फ्लाइट

बरेली से संचालित होने वाली कुशीनगर फ्लाइट अब अप्रैल से शुरू होगी।पहले इस फ्लाइट का संचालन जनवरी से शुरू होना था लेकिन जेट विंग्स एयरवेज कंपनी को केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से सभी एनओसी नहीं मिल पाई हैं।एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल के अनुसार अप्रैल में फ्लाइट का संचालन शुरू होने की पूरी उम्मीद है।बरेली एयरपोर्ट से कुशीनगर के लिए 72 सीटर विमान का संचालन शुरू होना है।क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना में बरेली–कुशीनगर के टिकट दर पर 50 प्रतिशत का अनुदान रहेगा।

# बिना हेलमेट लगाए बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में हुई मौत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के टोलप्लाजा के पास तेज रफ्तार तीन बाइक आपस में भिड़ गईं।टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि दो युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। माना जा रहा है कि जिस युवक की मौत हुई उसने अगर हेलमेट पहना होता तो उसकी जान बच सकती थी। घटना शनिवार की देर शाम पीलीभीत हाईवे पर थाना हाफिजगंज के गांव लभेडा उर्फ बुलंदनगर के पास की है।जहां दो बाइकों आमने-सामने टक्कर हो गई।टक्कर के बाद सड़क पर गिरे दोनों बाइक सवार बुरी तरह तड़पने लगे।इतने में एक तेज रफ्तार के साथ आया तीसरा बाइक सवार हादसाग्रस्त बाइकों से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज वैभव गुप्ता ने हादसे में घायल बाइक सवार अनोखेलाल निवासी परोथी, थाना नवाबगंज और रोहित कुमार निवासी मोहल्ला भट्टा, कस्बा नवाबगंज को एक निजी एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।वहीं 30 वर्षीय महताब आलम निवासी मोहल्ला कुम्हारन, कस्बा नवाबगंज की मौके पर मौत हो गई।सूचना मिलने के बाद महताब आलम के परिजन भी वहां पहुंच गए। देर रात पुलिस ने महताब आलम के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक के सिर में गंभीर चोट आईं जिससे उसकी मौत हो गई, अगर उसने हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी।महताब की मौत के बाद घर में कोहराम मचा है।



# बरेली-दिल्ली हाईवे पर एक एलपीजी से भरा टैंकर पलटने से आसपास के क्षेत्र में मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** बरेली-दिल्ली हाईवे पर एक एलपीजी से भरा टैंकर पलटने से हड़कंप मच गया। टैंकर से गैस का रिसाव शुरू होने से लोग दहशत में आ गए। आनन फानन में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हाइवे पर आ रहे ट्रैफिक को रोक दिया। जिसके बाद दोनों तरफ लंबी-लंबी वाहनों की कतारें लग गई। जाम की वजह से राहगीरों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। ये पूरा मामला मीरगंज लभारी पुलिस चौकी के पास का बताया जा रहा है, जहां शनिवार देर रात एक एलपीजी गैस से भरा कैप्सूल (गैस टैंकर) चालक के नशे में धुत होने की वजह से बेकाबू होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार टैंकर गाजियाबाद के लोनी से एलपीजी लेकर बरेली के परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र आ रहा था। लेकिन मीरगंज में नेशनल हाईवे पर लभारी चौकी के पास वह पलट गया। कैप्सूल के पलटने से गैस का रिसाव शुरू हो गया। हादसे में टैंकर चालक विपिन भी मामूली रूप से घायल हुआ है। इस घटना जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को हुई तो वहां भी हड़कंप मच गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही क्षेत्राधिकारी (सीओ) मीरगंज अंजनी कुमार पांडेय और प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थ तोमर को हुई वैसे ही फोर्स के साथ सीओ और प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड को भी मौके पर बुला लिया गया। जिसके बाद टैंकर पर पानी डालना शुरू कर दिया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। क्योंकि जहां पर टैंकर पलटा था, उससे कुछ ही दूरी पर एक एक पेट्रोल पंप भी है। एलपीजी गैस कैप्सूल एचपी कंपनी का था। पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी है। जिसके बाद कुछ ही देर में एचपी कंपनी की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद गैस का रिसाव रोका जा सका।

# प्रधान ही ग्राम पंचायत की आत्मा है : सुभाष यदुवंश

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर महोत्सव-2025 के अन्तिम दिन पंचायती राज विभाग के योजनाओं विषयक गोष्ठी के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 सुभाष यदुवंश, जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन ललित शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ताकिब रिजवी, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा के उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

पंचायती राज विभाग के योजनाओं के विषयक गोष्ठी के अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि लोकतन्त्र भी मजबूत होता है जब पंचायती राज व्यवस्था मजबूत हो, गांव सशक्त हो। ग्राम प्रधानों द्वारा निरन्तर गांव को स्वच्छ सुन्दर बनाने के लिए प्रयास कर रहे है, जो धरातल पर दिख रहा है। ग्राम प्रधानों द्वारा केन्द्र सरकार/प्रदेश सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने का कार्य कर रहे है। प्रदेश के सभी जनपदों में तालाब पोखरे धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे थे। उनके जीणोर्धार के लिए प्रधानमंत्री द्वारा तालाब, पोखरों, जलाशयों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया।

उनके इस संकल्प को पूरा करते हुए ग्राम प्रधानों द्वारा अमृत सरोवरों का सुन्दरीकरण कराया गया है। जिसमें जल संरक्षण कर कृषि व अन्य उपयोग में लाया जा सकें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से गांव को जोड़ा जा रहा है। जनपद के 14 विकास खण्डों में एक-एक स्टेडियम बनाने के लिए केन्द्र सरकार से बजट दिलाने के लिए प्रयास करूंगा। प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन ललित शर्मा ने सभी ग्राम प्रधानों, ब्लाक अध्यक्षगण, जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में कुछ समय पहले अच्छी सड़कें व नालियां नही थी, आज बहुत परिवर्तन हुआ है। अब ग्राम पंचायतों में अच्छी सड़कें व नालियां, आवास, पेयजल से अच्छादित हो रहे है। सभी ग्राम प्रधान मिलकर जनपद के विकास में अपना योगदान दे, जिससे सभी गांव सुन्दर स्वच्छ व विकसित हो सकें। ग्राम प्रधानों की जो भी समस्याएं है, उनके निस्तारण के लिए ग्राम प्रधान संगठन कार्य करेंगे। प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ताकिब रिजवी व प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के कार्यों, गांव में साफ-सफाई व्यवस्था व अन्य कार्यों को पूर्ण करायें। ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 सुभाष यदुवंश द्वारा जिला अध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन ललित शर्मा की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

इस गोष्ठी के अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, ए0डी0पी0आर0ओ0, ग्राम प्रधान, ब्लाक अध्यक्ष, पंचायत सहायक, खण्ड प्रेरक आदि उपस्थित थे।

## रंजिश के चलते दबंगों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी एक युवक को रंजिश के चलते गांव के ही कई लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। रविवार को थाना क्षेत्र के गाँव कनियान निवासी विकास ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गाँव के तुषार ओर रूपेंद्र उसके परिवार से रंजिश रखते है रंजिश के चलते पूर्व मे भी कई बार इन लोगो ने परिवार के लोगो पर हमला किया है आरोप है कि सुबह सवेरे पीड़ित अपने खेत पर जा रहा था अभी बीच रास्ते में दोनों ने पीड़ित को रोककर गाली-गलोच शुरू कर दी जब विरोध किया तो आरोपियो ने फोन से अपने दो अन्य साथियों को ओर मौके पर बुला लिया और पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी, पीड़ित के साथ हो रही मारपीट की आवाज सुनकर आसपास के दर्जनों लोग मौके पर जमा हो गए लोगों को अपनी ओर आता देखकर कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान पीड़ित के गले से सोने की चेन को भी छीन ली।

# दो पक्षों के बीच हुआ खूनी संघर्ष आधा दर्जन से अधिक घायल

### दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ प्रसारित पुलिस जांच में जुटी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी राहुल और शिवम्‌ने गांव में परचून की दुकान खोल रखी है और वहीं गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर कवरपाल ठेकेदारी का कार्य करता है। ईंट भट्ठा ठेकेदार कवरपाल ने परचून की दुकान से समान लेता था। कवरपाल राहुल की दुकान से कई दिन पहले पांच सौ रुपए का सामान उधार लेकर गया था। शनिवार दोपहर कवरपाल राहुल की दुकान पर सामान लेने आया था। राहुल ने कवरपाल से पूर्व में उधार दिए रुपए



समान के पांच सौ रुपए देने के लिए कहा तो आरोप है कि दोनों के बीच जमकर कहासुनी और गाली गलौज हो गई। दोनों पक्षों के बीच चले आरोप प्रत्यारोप को देखकर मौके पर दर्जनों लोगों की भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों ने दोनों को समझा बूझकर कर मामला शांत कर दिया। देर शाम फिर से दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक महिला पुरुष हाथों में लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ। संघर्ष के दौरान मौके पर भगदड़ मच गई। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट का लाइव वीडियो वायरल हो गया लाइव वीडियो में दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी डंडों सहित घरों पर पथराव करते हुए नजर आ रहे हैं। संघर्ष के दौरान दोनों पक्षों के चार महिला सहित नौ लोग घायल हो गए। कर्मवीर पक्ष से राहुल, मौशम, रोहित, रामचंद्र और शिवम्‌घायल हो गए। कवरपाल पक्ष से कवरपाल, प्रीति, डिम्पल ओर रोमा घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में कवरपाल, प्रीति, राहुल और मौसम को रेफर कर दिया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

## अवैध देशी शराब के 51 क्वार्टर के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकंद्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 51 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। अभियुक्तो मनीष कुमार पुत्र स्व0 महीपाल सिंह सैगर और योगेश कुमार पुत्र यशपाल सिंह ठाकुर निवासी कैलोरा थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाथरस जंक्शन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है।

## परचून की दुकान की दीवार तोड़कर हजारों की चोरी



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा में परचून की दुकान में चोरों ने दीवार तोड़कर हजारों की नगदी वह परचून का सामान चोरी कर लिया पीड़ित दुकानदार ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी ग्रामीण सतीश ने गांव में ही परचून की दुकान खोल रखी है। पीड़ित ग्रामीण सामान बेचकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि वह शनिवार की रात्रि अपनी दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। रात्रि में चोरों ने मौका पाकर उसकी परचून की दुकान की दीवार तोड़कर दुकान में घुसकर गल्ले में रखी हजार रुपए की नगदी एवं परचून का हजारों रुपए का समान है चोरी कर लिया। रविवार सवेरे जैसे ही दुकानदार अपनी दुकान पर पहुंचा तो दीवार टूटी हुई देखकर घबरा गया और मौके पर दर्जनों ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर बुला लिया पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी है दुकानदार ने थाने पर तहरीर दी है।

## बशिकाल पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



**मिजार्मुराद कछवारोड।** बसंत पंचमी के पावन 'पर्व' पर रविवार को वाशकाल पब्लिक स्कूल डोमैला, वाराणसी में वार्षिक समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डाः सन्तोष कुमार सिंह (वरिष्ट वैज्ञानिक) काशी हिन्दू विश्व विद्यालय, वाराणसी, विद्यालय के संस्थापक महेन्द्र पाण्डेय, नम्रता पाण्डेय तथा सेल के तमाम गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस वर्ष के कार्यक्रम में बालीवुड की रंगीन दुनिया तथा भगवान कृष्ण की भक्ति का सामन्जस्य रहा। जो आधुनिकता और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन प्रदर्शित कर रहा था। रंगारंग कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि तथा संस्थापक महोदय द्वारा बच्चों को पुरुस्कार वितारेत किया गया। नम्रता पाण्डेय ने विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। सभा का संचालन राजनाथ पाण्डेय एवं करिश्मा मिश्रा द्वारा संचालित किया गया।

## बुगरासी शादी समारोह में पहुंचे इमाम उमर इलयासी

**बुगरासी।** ऑल इंडिया इमाम ऑगेर्नाइजेशन के प्रमुख इमाम उमर अहमद इलयासी रविवार को बुगरासी में आयोजित एक शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे। उनसे मिलने के लिये लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। प्रोटोकॉल के तहत पहले से सुरक्षा में निर्धारित कस्बा व थाना पुलिस उनके आगमन पर मौजूद रही। रविवार को क्षेत्र के बरवाला निवासी युवक की शादी का रिसेप्शन प्रोग्राम कस्बे के एवरग्रीन फॉर्म हाउस में आयोजित किया गया।

## श्री बाबा औघड़नाथ शिव मंदिर में हुआ भविष्य मलिका पुराण का प्रचार प्रसार

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** रविवार को श्री बाबा औघड़नाथ शिव मंदिर में श्री माधव भक्तों द्वारा भविष्य मलिका पुराण का प्रचार प्रसार किया गया। बाबा औघड़नाथ मंदिर के पुजारी पंडित श्रीधर त्रिपाठी को मलिका पुराण की पुस्तक भेंट की और बताया कि संत अच्युतानंद दास जी ने भगवान जगन्नाथ जी के आदेश पर भविष्य मलिका को लिखा था यह ग्रंथ उड़ीसा में जगन्नाथ पुरी के संतो के मंदिरों और महंतो के पास अलग-अलग रखे हुए हैं भविष्य मलिका के अनुसार धरती तीन चरणों से गुजर रही है पहला कलयुग का अंत होगा दूसरा महा विनाश होगा और तीसरा नए युग की पुनः स्थापना होगी, और मानव जाति के लिए एक स्पष्ट आह्वान है तथा



निकटतम विनाश से स्वयं को बचाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। इसमें बताया गया है कि किस प्रकार दिव्य कल्कि द्वारा अंधकार युग का अंत किया जा रहा है तथा किस प्रकार 2032 तक महाप्रभु कल्कि का शासन देखने को मिलेगा। वहीं मंदिर में आए भक्तों को भी भविष्य मलिका और त्रिकाल संध्या के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें कपिल शिव, अमन राजपूत, राजकुमारी, नीरज, दयानन्द, पारुल सिरोही, सुविधा सिरोही, अर्जुन राणा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# वीर जी रेस्टोरेंट के उद्घाटन में लंका पहुंचे बिंदु दारा सिंह

वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** 2014 में बीजेपी की सरकार बनेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे इसकी घोषणा रुस्तमें हिंद दारा सिंह ने अपने निधन से पहले ही कर दी थी यह बातें वाराणसी पहुंचे उनके पुत्र विंदु दारा सिंह ने कहा उन्होंने कुंभ को लेकर योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किया जा रहा है जो बहुत ही शानदार हो रहा है कल बसंत पंचमी के अवसर पर मैं भी प्रयागराज कुंभ में स्नान करने जा रहा हूं। एकाक छोटी घटनाएं हो जाती है तो इसको इससे किसी आयोजन में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वाराणसी के लंका स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट में शिव शक्ति अपार्टमेंट में वीर जी मलाई चप वाले रेस्टोरेंट का उद्घाटन करने पहुंचे थे।



इस दौरान विंदु दारा सिंह को पास पाकर लोगों सेल्फी खिंचवाई। वाराणसी के विषय में विंदु दारा सिंह ने कहा कि बचपन में आया हूं, अब महाकुंभ के समय आना पड़ा है। अयोध्या पिछले सात आठ साल से आना हो रहा है। काशी से प्रयागराज महाकुंभ जाना होगा। प्रयागराज में जहां संगम हुआ है वहीं हम लोग डुबकी लगाएंगे। बनारस आया हूं तो यहां मंदिरों के दर्शन करेंगे। विंदु दारा सिंह ने आगे कहा कि मेरे पिताजी ने कहा कि हनुमान जी का जब किरदार निभाइए तो उसे समय ना नॉनवेज का सेवन करिए नहीं उल्टे विचार मन में लाइए नहीं तो हनुमान जी की जोर की लात पड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि हनुमान जी की कृपा पिताजी पर पड़ी थी अब मेरे पर पड़ी है। उन्होंने कहा कि 30 सालों से सेवा कर रहा हूं, जब भी करता हूं तो पूरी श्रद्धा के साथ करता हूं। बिंदु दारा सिंह ने कहा कि पुनीत इस्तर का एक शो है जय श्री राम जो पूरे हिन्दुस्तान में चल रहा है। उसको भी वाराणसी में जल्द लाना है। उन्होंने बनारस के विकास के विषय में बताते हुए कहा कि अगर आप बनारस की तस्वीर 2014 के पहले की देखेंगे तो कुछ और थी अब बनारस बहुत विकास कर चुका है। बनारस में कई विकास की योजनाएं चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है। आप बनारस एक आध्यात्मिक नगरी भी है जिससे यहां का और विकास आने वाले समय में होगा।

# छापेमारी में 141 बोरी अनाज बरामद, पिकअप हुआ सीज

वेलकम इण्डिया

**चिल्हियां/सिद्धार्थनगर।** कोतवाली कपिलवस्तु क्षेत्र के एसएसबी कैम्प बजहा प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा सुरक्षा बलों के साथ रात्रि गस्त में थे। इसी दौरान गौरी नेपाल जा रही एक पिकप खाद्यान पकड़कर सीज कर दिया। जिसमें चालक 22 वर्षीय कुलदीप निवासी मरवाटिया थाना कपिलवस्तु को गिरफ्तार कर लिया गया। पिकप सहित 45 बोरी कस्टम कार्यालय खुनुवां भेज दिया गया। वहीं तस्कर से गोदाम के बारें में सूचना मिली। मौके पर सुरक्षाकर्मी पहुंचे और गोदाम मालिक अमन गुप्ता व कृष्णा पाण्डेय जवानों से विरोध किया। गोदाम नहीं खोल रहा था।

एसएसबी जवान रात्रि भर गोदाम को सुरक्षा घेरे में ले लिये। सुबह सूचना जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को सूचना दी गयीं। जिनके निर्देश पर शनिवार को सदर नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, नवीन प्रकाश श्रीवास्तव



व मंडी समिति के सचिव विजय सेन सिंह मौके पर पहुंचे और अमन गुप्ता को पकड़कर गोदाम खुलवाया गया।

गोदाम की तलाशी ली गयीं, जिसमें फर्जी कृष्णा पाण्डेय ट्रेडर्स के नाम से चल रहे गोदाम पर कार्यवाही करते हुए 96 बोरी खाद्यान को कब्जे में लिया गया। ट्रेडर्स का मालिक कृष्ण पाण्डेय पुत्र केशरी पाण्डेय बजहा व अमन गुप्ता पुत्र स्वर्गीय मित्तल गुप्ता मौके से फरार हो गया। मकान मालिक इन्द्रावती गुप्ता से पूछताछ किया गया।

उन्होंने कहा कि यह मकान हमने पाण्डेय ट्रेडर्स को किराया पर दिया है। लेकिन उनके पास एग्रीमेन्ट का कोई वैध कागजात नहीं था। वास्तविकता यह रही कि पुत्र अमन गुप्ता व कृष्णा पाण्डेय दोनों मिलकर माल को नेपाल पहुंचवाने का कार्य करते है।

गोदाम से अनाज की 96 बोरी निकाल विधिक कार्यवाही करते हुए कस्टम कार्यालय खुनुवां भेज दिया गया। नायब तहसीलदार ने कहा इनके खिलाफ विधिक कार्यवाही कराई जायेगी। सीजर में सुरक्षाकर्मी संजीव गौरव, सुनील कुमार पीवी, आशुतोष कुमार पाठक, राजन कुमार झा, कस्टम इंस्पेक्टर अक्षय यादव आदि शामिल रहें।

## ग्राम प्रधान ने उठाया सेवा का बीड़ा, ग्रामीणों को निःशुल्क बस सेवा से भेजा महाकुंभ प्रयागराज

**बेलहर(संतकबीरनगर)।** प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य आयोजन शुरू हो चुका है, जहां देश-विदेश से साधु-संत, नागा संन्यासी और श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने संगम तट पर पहुंच रहे हैं। इसी धार्मिक अवसर को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत सियाकटाई के ग्राम प्रधान शिवशंकर चौरसिया ने अनूठी पहल की। उन्होंने गांव के बुजुर्गों और महिलाओं की आस्था को पूर्ण करने के लिए निःशुल्क बस सेवा का आयोजन किया, जिसके तहत रविवार को ग्रामीणों को प्रयागराज, इलाहाबाद और अयोध्या के लिए रवाना किया गया। ग्राम प्रधान शिवशंकर चौरसिया ने इस पहल को अपनी जिम्मेदारी बताते हुए कहा, ₹जनता की सेवा करना मेरा परम कर्तव्य है। जब बुजुर्गों ने महाकुंभ स्नान की इच्छा जताई, तो मैंने इसे साकार करने का बीड़ा उठाया। संगम में स्नान करना जीवन की अभिलाषा होती है, और मैं चाहता था कि हमारे गांव के बुजुर्ग भी इस शुभ अवसर का लाभ उठा सकें।

## चार्ज लेते ही एक्शन में दिखे नवागत थाना प्रभारी आनंद द्विवेदी



वेलकम इंडिया

**माल, लखनऊ।** माल थाना प्रभारी ने शनिवार को थाने पहुंचे। वहीं चार्ज लेने के बाद पहले स्टॉप से परिचय के लिए उन्होंने शाम ही मीटिंग की। इस दौरान आनंद द्विवेदी ने कहा कि हम काम पर विश्वास रखते हैं। यदि अच्छा काम करेंगे तो क्षेत्र के साथ ही साथ जनपद में भी आप सभी के सहयोग से इस थाने का नाम रोशन होने का काम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि थानों की कम होती विश्वनीयता को बनाए रखना होगा। यह तभी संभव है जब फरियादी को इंसाफ मिलेगा।

नवागत थाना प्रभारी आनंद द्विवेदी ने कहा है कि साधारण शिकायतों को थाना स्तर पर निपटाना जरूरी है। इसके अलावा महिला संबंधी अपराधों पर हर हाल में लगाम लगानी होगी। उन्होंने कहा कि थानों की कम होती विश्वनीयता को बनाए रखने के लिए हमें सबसे पहले फरियादी को इंसाफ दिलाने की कोशिश करनी होगी। ताकि हमारे पुलिस का जो कर्तव्य है, उसे पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हमारी टीम हमेशा गस्त करती रहेगी ताकि क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना को घटित होने से रोका जा सके। अपराध पर अंकुश लगाया जाना हम सबकी प्राथमिकता होगी।

थाना प्रभारी आनंद द्विवेदी ने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान जनता से संवाद भी किया।

## निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ गुप्ता के पद यात्रा में हजारों यूवाओ ने हाथ में क्रिकेट स्टांप लेकर किया समर्थन

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 कल आज प्रचार का आखिरी दिन है। ऐसे में तमाम बड़ी पार्टियां और सभी सीटों के उम्मीदवार आज अपना दम खम दिखाएंगे। शालीमार बाग विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ गुप्ता रविवार शाम को हैदरपुर से लेकर शालीमार गांव में अपनी पद यात्रा निकाला गया जहां हजारों युवाओं ने अपने सुख दुःख के साथी यूथ किंग अपने हीरो निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ गुप्ता के पद यात्रा में शामिल हुए।



मीडिया से युवाओं ने जब बातचीत किया तो युवाओं ने कहा इलेक्शन का जो भी रिजल्ट हो लेकिन वो अपने हीरो यूथ लीडर किंग के साथ है और शालीमार बाग के हर वो युवा भाई सौरभ गुप्ता के साथ है। निर्दलीय उम्मीदवार के पद यात्रा में बुजुर्गों बच्चो और महिलाओं ने भी शामिल होकर अपना समर्थन दिया।

# गांव गढ़ी दौलत प्रकरण में पुलिस की दबिश, दो गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पोस्टर लगाने को लेकर हुए विवाद में एक दर्जन से भी अधिक दबंगों के द्वारा एक परिवार व उसके घर पर फायरिंग पथराव व धारदार हथियारों से हमला करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद हमलावरों को पकड़ने के लिए उनके घरों पर दबिश दी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में गत दिवस शुक्रवार की देर शाम को वसीम पक्ष एवं अजीम के बीच पोस्टर लगाने को लेकर गली-गलौज कहासुनी हो गई थी। आसपास के लोगों ने दोनों को समझा बूझकर मामले का निपटारा करा दिया था। आरोप है कि बाद में मुख्य आरोपी वसीम ने अपने एक दर्जन से भी अधिक लोगों के साथ मिलकर अजीम के परिवार पर लाठी-डंडों एवं धारदार हथियारों सहित तमंचे से फायर करते हुए घर पर पथराव किया था। दबंगों के हमले से अजीम का भाई आमिल एवं उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई थी। दबंगों के द्वारा गांव में जमकर तांडव मचाया था। घटनाक्रम पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। चिकित्सकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया था। और पीड़ित अजीम की तहरीर पर मुख्य आरोपी वसीम सहित 18 नामजद सहित पांच अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए गांव में पहुंचकर उनके मकानों पर दबिश दी। पुलिस दबिश से गांव में हड़कंप की स्थिति बन गई कई आरोपी मौके से भाग गए पुलिस ने दो हमलावरों दिलशाद, व रफाकत को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह का कहना है कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है बाकी फरार हमलावरों की तलाश की जा रही है।

### मुख्य आरोपी वसीम लूट के मामले में जा चुका है जेल

कांधला। फायरिंग व धारदार हथियारों से हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी वसीम पुत्र सबदर वर्ष 2012 में क्षेत्र गांव भारसी निवासी किसान से हुई ट्रैक्टर लूट, थाना क्षेत्र फुगाना मे चीनी से भरे ट्रक लूट एवं गंगेरू मार्ग पर पेट्रोल पंप सेल्समैन के साथ हुई लूट के मामले में जेल जा चुका है। कई महा पूर्व आरोपी जनपद सहारनपुर क्षेत्र में रेत खनन करते समय अधिकारियों के साथ मारपीट के मामले में भी जेल गया था। मुख्य आरोपी वसीम पर पुलिस ने पूर्व में गैंगस्टर, गुंडा सहित आदि कार्रवाई की थी। कई माह से मुख्य आरोपी वसीम एवं दानिश 007 नाम से लोकल गैंग तैयार कर रहा था। जिसमें सैकड़ो युवाओं को अपनी गैंग में शामिल कर रखा है।

# चारागाह की जमीनों पर अवैध अतिक्रमण को खाली कराकर हरे चारे की बुवाई करायी जायेः जिलाधिकारी

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी की अध्यक्षता में कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में जनपद स्तरीय निराश्रित गोवंश की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 प्रदीप कुमार ने बताया कि जनपद में 59 अस्थायी गौशाला है जिनमें 12397 गोवंश, 06 वृहद गो-संरक्षण केन्द्र जिनमें 1623 गोवंश, 05 कान्हा गौशला जिनमें 1132 गोवंश, 08 कांजी हाउस जिनमें 303 गोवंश संरक्षित किये गये है तथा 05 पंजीकृत गौशाला में 185 गोवंश संरक्षित है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्य 2065 के सापेक्ष कुल 2254 गोवंश कृषकों/ पशुपालकों को सुपुर्द किये गये है।

उन्होने बताया कि निमार्णाधीन 04 वृहद संरक्षण केन्द्र क्रमशः अमांवा (विकास खण्ड लालगंज), नरायनपुर (लक्ष्मणपुर), पहाड़पुर (लालगंज) व ढिंगौसी (रामपुर संग्रामगढ़) है जिनमें से अमांवा वृहद संरक्षण केन्द्र का निर्माण पूर्ण हो गया है लेकिन अभी तक हैण्डओवर नही हुआ है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 15 दिन के अन्दर अमांवा वृहद संरक्षण केन्द्र को हैण्डओवर किया जाये तथा अन्य निमार्णाधीन वृहद संरक्षण केन्द्रों को गुणवत्तायुक्त ढंग से पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन तहसील/विकास खण्डों में वृहद गो-संरक्षण केन्द्र का निर्माण नही कराया गया है वह तत्काल भूमि का चिन्हांकन/सीमांकन कराते हुये निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि जनपद में स्थापित/संचालित समस्त गांजी हाउस को माडल रूप में विकसित करें। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त तहसीलों/विकास खण्डों/नगर पंचायतों में कैटल कैचर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अस्थायी गौशाला, वृहद गो-संरक्षण केन्द्र, कान्हा गौशाला, कांजी हाउस की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के प्रत्येक विकास खण्डों में कम से कम 4-4 अस्थायी गोवंश आश्रय होना आवश्यक है जिन ब्लाकों में 4 अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल नहीं है वहां पर अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की संख्या बढ़ायी जाये। जिलाधिकारी ने कान्हा गौशाला के सम्बन्ध में मुख्य राजस्व अधिकारी से कहा कि जिन नगर पंचायतों में कान्हा गौशाला का निर्माण नहीं कराया गया है वहां तत्काल भूमि का चिन्हांकन करते हुये कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य कराया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि जनपद में स्थापित/संचालित गोवंश आश्रय स्थलों में मनरेगा योजना के द्वारा बायोफेन्सिंग का कार्य पूर्ण कराया जाये। निराश्रित गोवंश की समीक्षा में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग न करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि अगली बैठक में बिन्दुवार पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित हो।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन चारागाहों की जमीनों पर अतिक्रमण किया गया है उसे खाली कराने के लिये सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को जिलाधिकारी के माध्यम से पत्राचार कर चारागाह की जमीनों को खाली करायें तथा वहां पर हरे चारे की बुवाई करायी जाये। चारागाह की जमीनों पर यदि किसी गरीब की झोपड़ी है तो जब तक उसके रहने की वैकल्पिक व्यवस्था न करा दी जाये तब तक उसे न हटाया जाये इसका विशेष ध्यान दें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि चारागाहों की जमीनों के मिट्टी की जांच करायी जाये जिससे पता चल सके कि किस हरे चारे की बुवाई की जा सकती है और उसके अनुरूप ही जई, नेपियर, सरसो आदि की बुवाई करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं के लिये जनसहयोग भी लिया जाये जिसके लिये बड़े व्यापारियों, समाजसेवियों की सूची बनाकर उसकी बैठक करायी जाये तथा गाय के महत्व के बारे में बताया जाये। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गाइडलाइन के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र की गौशालाओं का प्रत्येक माह निरीक्षण अवश्य करें। गौशालाओं में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही गोवंशों को संरक्षित किया जाये, क्षमता से अधिक गोवंशों को गो आश्रय स्थलों में न रखा जाये इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि जिन गौशालाओं में गोवंश कम है वहां पर अधिक गोवंश वाली गौशालाओं से गोवंशों को लाकर रखा जाये।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने अपने कार्यो एवं दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ कार्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव सहित खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय ब्रम्हसमाज ने रजत जयन्ती समारोह का किया आयोजन



वेलकम इन्डिया



**लखनऊ।** रविवार को अखिल भारतीय ब्रह्म समाज अपना 25 वां बसंत हर्षोल्लास से मनाया, यह अति हर्ष का विषय है की अखिल भारतीय ब्रह्म समाज ने संस्कृति एवं संस्कार की परंपरा को जीवित रखते हुए इस यात्रा को पूर्ण किया है। ?

राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत एवं संस्कार संवर्धन के प्रति चैतन्य भाव जागृत करने वाला यह संगठन 02 फरवरी 2025 बसंत पंचमी को रजत जयंती समारोह का आयोजन तुलसी उद्यान, गीता पल्ली, निकट इको गार्डन आलमबाग लखनऊ में किया गया। समारोह में 51 संस्थापक सदस्यों को विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देने वाली 11 विभूतियों को अवध सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.पी.अवस्थी ने की, एवं संचालन संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री देवेंद्र शुक्ल ने किया।अपने संबोधन में राष्ट्रीय महामंत्री ने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा की 25 वर्ष का समय एक बहुत लंबा समय होता है जिसमें विभिन्न प्रकार के उतार चढ़ाव देखने को मिले इन सब से पर पाते हुए अखिल भारतीय ब्रह्म समाज अपने को गौरवान्वित महसूस करते हुए आज अपना रजत जयंती समारोह बड़े ही हरसोलस के साथ मान रहा है हमें इन 25 वर्षों में अपने साथियों सहयोगियों तथा वरिष्टों के योगदान को सर्वोपरि रखना होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी अवस्थी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि विकेट 25 वर्षों में हमने जिस परिकल्पना की नींव रखी थी वह आज फली भूत हो रही है हमारा उद्देश्य समाज को उन्नति के रास्ते पर आगे ले जाना है अपने सनातन को अच्छा रखना है तथा सभी वर्गों के प्रति सामान्य रखते हुए उत्तरोत्तर विकास करना है कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने सहभाग किया। कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लखनऊ कैंट के पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, पूर्व विधायक प्रत्याशी अनिल पांडेय सहित बहुत सारे लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिक समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



**मिजार्मुराद कछवारोड।** बसंत पंचमी के पावन 'पर्व' पर रविवार को वाशकाल पब्लिक स्कूल डोमैला, वाराणसी में वार्षिक समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डाः सन्तोष कुमार सिंह (वरिष्ट वैज्ञानिक) काशी हिन्दू विश्व विद्यालय, वाराणसी, विद्यालय के संस्थापक महेन्द्र पाण्डेय, नम्रता पाण्डेय तथा सेल के तमाम गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे। इस वर्ष के कार्यक्रम में बालीवुड की रंगीन दुनिया तथा भगवान कृष्ण की भक्ति का सामन्जस्य रहा। जो आधुनिकता और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन प्रदर्शित कर रहा था। रंगारंग कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि तथा संस्थापक महोदय द्वारा बच्चों को पुरुस्कार वितारेत किया गया। नम्रता पाण्डेय ने विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। सभा का संचालन राजनाथ पाण्डेय एवं करिश्मा मिश्रा द्वारा संचालित किया गया।

# बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का होना बहुत ही जरूरी हैः क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल



**मिजार्मुराद (वाराणसी)।** मेहंदीगंज स्थित पीएस पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा क्षत्रिय अध्यक्ष दिलीप पटेल तथा विशिष्ट अतिथि राम सकल पटेल, डॉक्टर अशोक राय, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, सुरेंद्र पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को स्कूल के प्रबंधक अमरनाथ पटेल ने अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर शिक्षित एवं सांस्कारिक बनाये।कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम को अतिथियों ने काफी सराहना किया। मुख्य अतिथि द्वारा मीडियाकर्मियों शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' व त्रिपुरारी यादव, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन कल्पना शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन निदेशक दिनेश पटेल ने किया।विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ पटेल, निदेशक दिनेश पटेल, उपनिदेशक उत्तम पटेल, प्रिंसिपल कल्पना शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, राम सकल पटेल, रेखा पटेल, वंदना, अमृता, दिनेश, डॉ रमेश पटेल, प्रेम शंकर पटेल, विक्रम पटेल, प्रेम पाठक, जगदीश जायसवाल, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# ओवेस मोबाइल शॉप पर उपहार वितरण समारोह आज

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के लोहरौली बाजार में ओवेस मोबाइल शाप पर बजाज फाइनेंस द्वारा महालोन मेले में मोबाइल खरीददारी करने वाले सभी ग्राहकों को आकर्षक उपहार वितरण समारोह 3 फरवरी को 2 बजे से होगा। जिसके मुख्य अतिथि थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, लोहरौली ठकुराई के प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा, सिसवादाखिली के प्रधान नियाज अली मौजूद रहेंगे।

# बच्चों के हिफ़्ज मुकम्मल करने पर जलसे का आयोजन

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** मदरसा इस्लामिया जामियातुल मआरिफ में बच्चों के जरिए हिफ़्ज-ए-कुरआन मुकम्मल करने के मुबारक मौके पर एक शानदार जलसे का आयोजन किया गया। जलसे की सदारत मदरसे के मोहतमिम हाफिज मोहम्मद जमील और निजामत मौलाना फहीमुद्दीन ने की।

नगर के मोहल्ला इमामबाड़ा में स्थित मदरसा जामियातुल मआरिफ में एक लड़की और चार लड़कों ने कारी मंसूर अहमद की निगरानी में हिफ़्ज-ए-कुरआन मुकम्मल किया।इस मौके पर मदरसे में एक जलसे का आयोजन किया गया।जिसको खिताब करते हुए उलमा-ए-किराम और हुफ़्फाज-ए-किराम ने कुरआन की अजमत और उसकी अहमियत पर रौशनी डालते हुए कहा कि कुरआन अल्लाह का कलाम और एक अजीम किताब है, जो इंसान की रहनुमाई के लिए नाज़िल की गई।

इसमें हर दौर के मसाइल का हल मौजूद है और जो शख्स इसे पढ़ेगा, समझेगा और इस पर अमल करेगा, वह दुनिया और आखिरत में कामयाबी हासिल करेगा।उन्होंने कुरआन हिफ़्ज करने वाले बच्चों को कुरआन की तिलावत और हिफ़्ज की अहमियत समझाई और उन्हें अपने जीवन में कुरआन की तालीम को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जो शख़्स कुरआन को याद करे और उस पर अमल करे तो कयामत के दिन उसके वालिदैन को ऐसा ताज पहनाया जाएगा, जिसकी रोशनी सूरज की रोशनी से भी ज्यादा होगी।

जलसे में हाफिज ए कुरआन बच्चों ने अपनी खूबसूरत आवाज में कुरआन ए करीम की तिलावत की।मौलाना जलीस अजमद ने मुल्क व कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए खुसूसी दुआ कराई।जलसे के आखिर में उलमा-ए-किराम, हुफ़्फाज किराम और जलसे में मौजूद लोगों ने बच्चों को कुरआन हिफ़्ज करने पर मुबारकबाद पेश की और उन्हें अपनी जिंदगी में कुरआन की तालीम को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रोग्राम में शायर व अदीब जाहिद टांडवी, मौलाना इरफान, मौलाना सलीम, मौलाना सईदुर्रहमान, हाफिज अब्दुल माजिद, कारी हूजैफा, कारी अजीम, हाफिज कमरूद्दीन, हाफिज मुकर्रम, मास्टर अशफाक और मास्टर मुहम्मद जमील आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने 02 चोरियों का खुलासा कर दो चोरों को चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देश पर हापुड पुलिस के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं /अपराधिक घटनाओं में वांछित चल रहे। अभियुक्तों पर कमर तोड़ हेतु चलाए जा रहे। अभियान के तहत धौलाना पुलिस ने मु0अ0सं0 24/2025 धारा 303(2) बीएनएस एवं मु०अ०सं० 26/2025 धारा 305 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 02 सा शातिर किस्म के चोर साहिल पुत्र आस मौहम्मद निवासी ग्राम दतावली थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर हालपता ग्राम शेखपुर खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड़, शावेज पुत्र गुलफाम निवासी ग्राम पिपलैडा थाना धौलाना को हसनपुर खिचरा रोड़ से गिरफ्तार कर इनके निशानदेही पर एक ऑटो नं0 वढ 14 ङळ 7556 सम्बन्धित मु0अ0सं0 24/2025 धारा 303(2), सफेद धातु के आभूषण 03 जोड़ी पायल, 01 सेट बिछुआ, 03 सिक्के, 04 छोटे कड़े, 01 चैन पेंडल, 01 सिंदूर दानी सम्बन्धित मु0अ0सं0 26/25 धारा 305 बीएनएस से संबंधित, एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर असलहा बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग टीम ने आधा दर्जन नमूने संग्रहित कर जांच हेतू खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश खादय सुरक्षा आयुक्त एवं औषधि प्रशासन, विभाग उ०प्र० लखनऊ के आदेश अनुपालन में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देशन में अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग टीम के द्वारा क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन नमूने खाद्य पदार्थों के संग्रहित कर राजकीय लैब लखनऊ भेजे गए।

आपको बता दें कि खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन आयुक्त लखनऊ उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन टीम के द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित करने को लेकर कार्यवाही की गई।जिसमें दिनेश डेयरी चिलिंग सेन्टर कुचेसर रोड चौपला हापुड पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए।गाय का घी, गाय का क्रीम, भैस का क्रीम, भैस का घी, मिश्रित दूध का एक एक नमूना एवं हरित प्रदेश मिल्क प्रोडयूसर कम्पनी कुचेसर रोड चौपला से निश्रित दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार क्षेत्र से कुल 06 नमूने संग्रहित किये गये। और उक्त समस्त नमूनो को वास्ते जाँच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जिसकी जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर प्रवर्तन कार्यवाही टीम में आर पी गंगवार प्रियंक श्रीवास्तव खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित रहे।

# मेरठ परिक्षेत्र में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण अभियान में 832 लंबित विवेचनाएं माह जनवरी में निस्तारित

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** डीआईजी रेंज मेरठ द्वारा परिक्षेत्र के सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वह अपने-अपने सर्किलों में लंबित विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करे।

डीआईजी कलानिधि नैथानी, मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ पर परिक्षेत्र के अधीन सभी जनपदो के सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्रदर्शित लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा की गयी।

जनवरी माह की मासिक प्रगति समीक्षा से पाया गया कि लंबित विवेचनाओं में से जनपद मेरठ में 427, जनपद बुलंदशहर में 193, जनपद बागपत में 79 एवं जनपद हापुड़ में 133 विवचनाओं का निस्तारण किया गया है।

डीआईजी रेंज मेरठ द्वारा परिक्षेत्र के सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वह अपने-अपने सर्किलों में लंबित विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करे।इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि अभियान को जारी रखते हुए अधिक से अधिक लंबित विवेचनाओं का सफल व गुणवत्तापरक निस्तारण करा लिया जाए, प्रत्येक 15 दिवस में पाक्षिक समीक्षा की जाएगी।

जनपद बागपत में जघन्य अपराधों की लम्बित विवेचना/वांछित अपराधियों एवं गैंगस्टर अधिनियम के वांछित अपराधियों में वृद्धि तथा नगर सर्किल की विवेचनाओं में वृद्धि परिलक्षित हुई है। इसी प्रकार जनपद बुलन्दशहर के नगर व डिबाई सर्किल की विवेचनाओं में वृद्धि होना पाया गया है।

# केटी विंग द्वारा आयोजित बागपत कबड्डी लीग सीजन 1 की चैम्पियन बनी शाहपुर बडौली की टीम

वेलकम इंडिया




**बागपत।** बागपत के मुबारिकपुर गांव के केटी विंग स्टेडियम में चल रहे बागपत कबड्डी लीग सीजन 1 का भव्य समापन हो गया। इस अवसर पर इंड़ियन खो-खो एसोसिएशन के सचिव एमएस त्यागी ने मुख्य अतिथि और एसडीएम खेकड़ा ज्योति शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप मे शिरकत की। बागपत कबड्डी लीग सीजन 1 के अन्तिम दिन आयोजित प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में शाहपुर बडौली की टीम ने धनौरा की टीम को 25-15 से हराया और कबड्डी लीग सीजन 1 के विजेता का खिताब अपने नाम किया।

महिला वर्ग में नैन स्पोर्टस क्लब बसी की टीम ने आजाद क्लब खेकड़ा को 35-20 से हराया और कबड्डी लीग सीजन 1 के विजेता का खिताब अपने नाम किया। एमएस त्यागी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कबड्डी जैसे पारम्परिक खेल को बढ़ावा देने के लिए केटी विंग की सराहना की। केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी ने कहा कि केटी विंग और उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के सौजन्य से आयोजित बागपत कबड्डी लीग सीजन 1 का उद्देश्य जिला बागपत के युवा खिलाड़ियों को एक मजबूत मंच प्रदान करना और कबड्डी खेल को बढ़ावा देना था। टूनार्मेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों ने सराहनीय प्रदर्शन किया और खेल भावना का परिचय दिया, इसके लिए वे बधाई के पात्र है।

कपिल त्यागी ने बागपत कबड्डी लीग के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों सहित संयोजक आशीष कंडवाल, हम्बीर सिंह, ऑपरेशन मेनेजर हेमंत, सोशल मीडिया प्रभारी राशिका गुप्ता व केटी विंग की समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत सदस्य व प्रमुख समाजसेवी मनुपाल बंसल डगरपुर ने कहा कि बागपत कबड्डी लीग सीजन 1 की यह सफलता जिले में कबड्डी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक साबित होगी। प्रतियोगिता के अन्त में विजेताओं को मेडल पहनाकर, ट्रॉफी व ईनामी धनराशि भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ सभी अतिथियों और सहयोगियों को भी शाल पहनाकर व ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेकड़ा एसएचओ कैलाश चंद, नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यवाह शिव कुमार त्यागी, सतपाल प्रधान मुबारिकपुर, दिनेश प्रधान फखरपुर, सतपाल हरसा वाले, मौर्य सर एसीपी लोनी, आरके स्कूल के डायरेक्टर दिनेश त्यागी, नरेश प्रधान, उदयवीर, सीमा चौधरी, नीरज त्यागी, आदित्य त्यागी सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# किनौनी शुगर मिल पर गन्ना के बकाया भुगतान को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूनी की महापंचायत हुई

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** किसानों का उत्पीड़न शोषण बर्दाश्त से बाहर,ह्वकिसी भी संघर्ष के लिए हमेशा सदैव तत्पर,ह्वगन्ना का पेमेंट किनौनी बजाज मिल मेरठ के द्वारा नहीं करने पर आंदोलन।

एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू ने बताया कि 01 फरवरी 2025 को किनौनी शुगर मिल पर गन्ना के बकाया भुगतान को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूनी की महापंचायत हुई जिसमें पंचायत के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूंनी मौजूद रहे।

पंचायत में खाप मलिक के चौधरी आजाद मलिक उपस्थित रहे महापंचायत में राष्ट्रीय महासचिव मनोज नागर प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू महिला मोर्चा अध्यक्ष आयुषी सिंधु तेवतिया सुधीर तेवतिया प्रदेश महासचिव युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी प्रदेश मीडिया प्रबंधक आशीष चौधरी एनसीआर उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी सुदेश प्रधान जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मेरठ सतेंद्र फौजी मेरठ मंडल अध्यक्ष सोनू तेवतिया जिला अध्यक्ष हापुड़ अभिषेक तेवतिया रोहित चौधरी युवा जिला अध्यक्ष बुलंदशहर अमित चौधरी युवा जिला अध्यक्ष अलीगढ़ डॉक्टर नईम जिला महासचिव बुलंदशहर इंद्रजीत गिल युवा जिला अध्यक्ष मेरठ राशिद ठाकुर प्रदेश सचिव प्रदीप चौधरी तहसील अध्यक्ष खुर्जा जिला अध्यक्ष अमरोहा नफीस मेवाती रिजवान चौधरी पिंटू उर्फ लाला चौधरी पवन उर्फ कुलदीप वीरकुमार सोनू चौधरी सुमित लोकेंद्र सिंह रमेश कुमार जितेंद्र शर्मा मोहन चौधरी सोनू सागवान आसपास के कई अन्य गांव से हजारों किसान देवता महापंचायत में उपस्थित रहे एवम् भारतीय किसान यूनियन चढूनी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मोजूद रहे। चौधरी कुलदीप गुड्डू ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न शोषण बर्दाश्त से बाहर किसी भी संघर्ष के लिए हमेशा सदैव तत्पर गन्ना का पेमेंट किनौनी बजाज मिल मेरठ के द्वारा नहीं करने पर आंदोलन अनिश्चितकालीन कर दिया जाएगा।

## बसंत पंचमी पर भगवान जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा भव्य आयोजन

**मेरठ।** रविवार को सदर में भगवान जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री गणेश दत्त शर्मा के नेतृत्व में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत समस्त ब्राह्मण छात्र एवं स्थानीय श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं विद्यार्थियों को प्रसाद स्वरूप मीठे चावल वितरित किए गए। इस आयोजन में प्रमुख योगदान श्री आशीष शर्मा (पंडित ढाबा वाले) जी का रहा, जिन्होंने प्रसाद हेतु विशेष सहयोग प्रदान किया। पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ इस पर्व को मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर समिति ट्रस्ट अध्यक्ष गणेश दत्त शर्मा व महामंत्री राशि शर्मा ने बताया समिति ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर ऐसे धार्मिक आयोजनों का आयोजन करता रहता है, जिससे समाज में धार्मिक आस्था एवं संस्कारों की जड़ें मजबूत बनी रहें। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य ऐसे छोटे-छोटे धार्मिक अवसरों को भव्य रूप से मनाना है

## बाबा दरगाही साहिब की समाधि पर महन्त देवेश्वरानंद ने चादर चढ़ाकर तीन दिवसीय बसंत पंचमी मेले का कराया शुभारंभ



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव लिसड़ी भगवन्तपुर में स्थित बाबा दरगाही साहिब की समाधि पर बसंत पंचमी के अवसर पर लगने वाले तीन दिवसीय मेले का महंत देवेश्वरानन्द के द्वारा समाधि पर चादर चढ़ाकर प्रसाद वितरण कराते हुए मेले का शुभारंभ कराया गया।आपको बता दें कि तहसील गढ़ मुक्तेश्वर के सिंभावली ब्लॉक के गांव लिसड़ी भगवंतपुर में स्थित बाबा दरगाही साहिब की समाधि पर प्राचीन काल से लगने वाले इस तीन दिवसीय ऐतिहासिक वसंत पंचमी मेले का महंत देवेश्वरानंद के द्वारा समाधि पर चादर चढ़ाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते हुए शुभारंभ कराया गया। जिसमें दूर दराज से आए श्रद्धालुओं का प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत बड़ी संख्या में जन सैलाब उमड़ने के साथ बाबा की समाधि पर लगने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं के द्वारा बाबा की समाधि पर प्रसाद एवं चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगने वाले श्रद्धालुओं का भारी संख्या में तांता लगा हुआ है ।तो वहीं कुछ श्रद्धालु अपनी मन्नतें पूर्ण होने पर बाबा की समाधि पर आकर मस्तिष्क झुका कर चादर चढ़ाकर अपने आप में धन्य हो रहे हैं। वही तीन दिवसीय इस मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी श्यौपाल सिंह का कहना है कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर उनका पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में मुस्तैदी के साथ चप्पे-चप्पे पर तैनात हैं।

# औघड़नाथ मन्दिर में बंसत पंचमी के सुअवसर पर भव्य फूल बंगले, छप्पन भोग व भजन कीर्तन का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** श्री बाबा औघड़नाथ शिव मन्दिर में रविवार को माघ शुक्ल पक्ष बंसत पंचमी के सुअवसर पर मन्दिर में भव्य फूल बंगले का आयोजन तथा छप्पन भोग व भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी किया गया।

मन्दिर समिति अध्यक्ष सतीश कुमार सिंहल ने बताया कि आज प्रातः 8:00 बजे भगवान श्री राधा-गोविन्द जी की श्रृंगार आरती के पश्चात श्री राधा-कृष्ण मन्दिर में 1 कुंतल केसरिया रंग के मीठे चावल केसर, बादाम युक्त प्रसाद का वितरण किया गया तथा सभी भक्तो ने लाईन में लगकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर मन्दिर समिति अध्यक्ष सतीश सिंहल, महामंत्री सुनील गोयल, धीरेन्द्र सिंघल मंत्री सुधीर गुप्ता, उपमन्त्री अतुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमरीश अग्रवाल भण्डारी अमित अग्रवाल, सहभण्डारी मनोज कुमार, डा० महेश बंसल, अशोक चौधरी, राजेन्द्र गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, संजय बंसल अनिल सिंघल, पुलकित गुप्ता, ज्ञानेन्द्र अग्रवाल समनेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

# सिंभावली क्षेत्र में चाइनीज मांझे का कहर जारी एक सप्ताह में दो लोगों को बनाया निशाना चाइनीस मांझा विक्रेताओं पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**





हापुड़ जनपद हापुड़ में प्रदेश सरकार के चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के आदेश हवा हवाई होते साबित हो रहे हैं। जिसके चलते बाइक सवार यात्रियों के लगातार चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल होने का सिलसिला जारी है ।आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के जनपद मेरठ में साहिल और शाहजहांपुर जिले में अमरोहा निवासी कांस्टेबल शाहरुख हसन की चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गर्दन काटने पर हुई मौत को लेकर चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए डीजीपी उत्तर प्रदेश के द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन उसके बावजूद भी चाइनीज मांझे की बिक्री करने एवं पतंग उड़ाने वालों पर कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है ।पर चीनी मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार यात्रियों के घायल होने का सिलसिला जारी है। जिसमें गढमुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के गांव अटसैनी निवासी गणपत सिंह, गजरौला के गांव नानौर निवासी शाहरुख भी अटसैनी ओवर ब्रिज पर चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गर्दन काटने के हदसे का शिकार हो चुके हैं। इसी क्रम में सिंभावली थाना क्षेत्र में 25 जनवरी को रिजवान निवासी गन्दूनंगला बाइक से सवार होकर हरोड़ा मोड पर किसी कार्य से आया हुआ था। जिसमें चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गर्दन कटने पर रिजवान को पीड़ित परिजनों ने आनंन-फनन में देवनन्दनी अस्पताल पहुंचाया था। जहां उसकी गर्दन में लगभग 25 टांके आए थे। चाइनीज मांझे के इसी कहर के चलते हापुड़ नगर कोतवाली के अंतर्गत आने वाले गांव कासमाबाद निवासी दंपति सोनू कश्यप अपनी पत्नी लक्ष्मी कश्यप के साथ अपने साले रविंद्र कश्यप की सगाई समारोह मे शामिल होकर ससुराल गढ़मुक्तेश्वर से बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह सिंभावली में पुराने हाईवे रेलवे रोड कट के सामने पहुंचा। तभी बेटी दिव्या कक्षा एक की छात्रा चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गर्दन काटने पर घायल हो गई। जिसको पीड़ित ने आनंन-फानन में स्थानीय चिकित्सक के यहां ले जाकर उपचार कराया। जिसमें मासूम दिव्या की गर्दन में चार टांके आए हैं। तों वहीं चाइनीज मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार लोगों के लगातार घायल होने का सिलसिला जारी है। तो वही उत्तर प्रदेश के डीजीपी के द्वारा चाइनीज मांझे पर बिक्री लगाने के आदेश स्थानीय पुलिस के द्वारा हवा हवाई बताई जा रहे।

## बीजेपी जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने बजट की सराहना, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया

**हाथरस।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में पेश अंतरिम बजट की भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने सराहना की है। जिलाध्यक्ष ने कहा यह बजट भारत में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए विकसित राष्ट्र बनाने की ओर श्रेष्ठ भारत की एक झलक है। गरीब कल्याणकारी मोदी सरकार का बजट अभिनंदनीय है। सभी वर्गों के उत्थान और देश के विकास के इस बजट से सभी लाभांवित होंगे, श्रेष्ठ और समृद्ध भारत का निर्माण होगा। जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने 12 लाख तक की आय पर कोई आयकर नहीं लगाने की घोषणा की। सच में जनता के लिए एक तोहफा है, यह निर्णय न केवल नौकरीपेशा वर्ग, बल्कि छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग के लिए भी राहत देने वाला है।

## गढ़मुक्तेश्वर गन्ने के खेत में फिर मिला युवक का शव



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़/जनपद** में शवो के मिलने का सिलसिला लगातार जारी। जिसके चलते एक माह में लगभग आधा दर्जन शव मिलने को लेकर हापुड़ शव मिलने के मामले में बना डंपिंग जोन। जबकि हापुड़ पुलिस ने बरामद किए गए। सभी शवों की गुत्थी को कड़ी मशक्कत करने के उपरांत सुलझाते हुए सफल अनावरण करने के साथ हत्यारोपियो को जेल भेजने का भी कार्य किया है ।आपको बता दें कि जनपद हापुड़ में गत जनवरी माह में लगभग आधा दर्जन शव मिल चुकें हैं। जिसमें सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 9 के किनारे एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का 11 जनवरी को अधजला शव पड़ा मिला था। पुलिस की कड़ी मशक्कत के उपरांत जिसकी पहचान नासिर कपड़ा व्यापारी कबीर नगर थाना वेलकम दिल्ली के रूप में हुई थी। वहीं दूसरी घटना में 13 जनवरी को अलीपुर मार्ग पर बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। जिसकी पहचान वीरेंद्र राय दिल्ली रोहिणी के रूप में हुई। उसके उपरांत एक अज्ञात युवक का शव धौलाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सूखे रजवाहे में पड़ा मिला। जिसकी पहचान घटना का खुलासा होने पर थाना कपूरपुर के गांव परपा निवासी बलबीर प्रॉपर्टी डीलर के रूप में हुई। वही 28 जनवरी को पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत धौलाना मार्ग पर शराब ठेके के निकट 55 वर्षीय व्यक्ति का अधजला शव मिला। जिसका खुलासा होने पर मृतक व्यक्ति की पहचान 55 वर्षीय ईश्वर पुत्र होराम निवासी गांव खेड़ा पिलखुवा के रूप में हुई है ।इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के स्याना चौराहे पर गन्ने के खेत में एक युवक मरणासन्न हालत में पड़ा मिला। जिसको स्थानीय पुलिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसमें मृतक युवक की पहचान रोहित उर्फ नन्हे निवासी मौहल्ला आजाद नगर गजरौला जिला अमरोहा के रूप मे हुई है। मृतक के पीड़ित परिजनों का कहना है कि रोहित उर्फ नन्हे शुक्रवार की सुबह घर से मजदूरी करने के लिए निकला था। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं पहुंचा तो पीड़ित परिजनों ने उसकी गुमशुदगी गजरौला थाने में दर्ज कराई।

# स्वतंत्र भारत का अब तक का सबसे ऐतिहासिक शानदार बजट

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** इंडियन पेंटस ट्रेड एसोसिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री अशोक कुमार महेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने आज संगठन के मुख्यालय बॉम्बे पेंट्स हाउस, मेरठ पर बजट देखते हुए अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की राजीव कुमार गुप्ता ने कहा स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर आज तक का सबसे ऐतिहासिक और शानदार बजट केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जिसके लिए वित्त मंत्री और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं आयकर छूट की सीमा 12 लाख रुपए तक बढ़ाना सीधे तौर पर आम व्यक्ति को राहत देना है। जिसकी मांग कई वर्षों से निरंतर संगठन द्वारा की जा रही थी। इसके अतिरिक्त कस्टम ड्यूटी को कम किये जाने से कम्प्यूटर, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुए, मोबाइल सस्ते होंगे एवं शहरों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपए की राशि की व्यवस्था किया जाना, टीसीएस 7 लाख से बढ़कर 10 लाख किया जाना, विदेश से प्राप्त आय पर टैक्स छूट बढ़ाना, 20000 करोड़ रुपए नए उद्योगों को स्थापित करने के लिए अतिरिक्त दिया जाना, विशेष योजनाएं निश्चित रूप से उत्साहवर्धक है। अशोक महेश्वरी ने कहा कि यह बजट देश के मध्यम वर्गीय उद्यमियों को बढ़ावा देगा। जिससे देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी आयकर की छूट 12 लाख रुपए तक बढ़ने से देश के आम व्यक्ति की खरीद की शक्ति बढ़ेगी।

## बसंत पंचमी पर्व पर नागेश्वर नाथ शिव मंदिर गांधी बाग में हुआ हवन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** हिंदू पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि बसंत पंचमी के पर्व पर रविवार को शहर के प्रमुख मंदिर नागेश्वर नाथ शिव मंदिर गांधी बाग रुड़की रोड मेरठ कैंट में मंदिर के पुजारी सत्य प्रकाश व मुख्य यजमान राजकुमार शर्मा व अन्य गणमान्य वरिष्ठ नागरिकों द्वारा हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी सत्य प्रकाश ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। आज मंदिर में बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया है, उन्होंने बताया कि वसंत पंचमी तिथि के बाद से ही वसंत ऋतु की शुरूआत हो जाती है। वसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-आराधना का विशेष महत्व होता है। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा विशेष रूप से की जाती है। यह दिन ज्ञान और कला की देवी को समर्पित है। इस दिन माँ देवी सरस्वती की पूजा अनुष्ठानों में पीले फूल, पीली मिठाइयाँ और पीले कपड़े भी शामिल होने चाहिए जो इसे एक महत्वपूर्ण प्रतीक बनाते हैं।



# डाक विभाग ने मनाया डाक जीवन बीमा का 142वाँ स्थापन दिवस

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** भारतीय डाक विभाग के मथुरा मंडल द्वारा डाक जीवन बीमा का 142वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मथुरा मंडल द्वारा ग्रामीणों को डाक जीवन बीमा का लाभ देकर 3.25 करोड़ रुपए बीमित राशि का लक्ष्य प्राप्त किया गया। मथुरा मंडल के 10 उपडाकघर में डाक जीवन बीमा कैंप का आयोजन किया गया। जहां डाक कर्मचारियों ने ग्रामीणों को डाक जीवन बीमा के प्रति जागरूक किया। वृंदावन, मथुरा, सादाबाद, बलदेव, कोसीकलां, गोवर्धन, सहपऊ, सुरीर, मांट, राया इत्यादि जगह कैंप लगाया गया। प्रवर डाक अधीक्षक विजेंद्र ने बताया कि डाक जीवन बीमा सरकारी कर्मचारियों के साथ आम आदमियों के बीच में भी अपनी जगह बनाने में सफल रहा। इसमें कम प्रीमियम में अधिक बोनस मिलता है। इसके साथ ही मथुरा के उपडाकघर सहपऊ में उत्तरी डाक निरीक्षक आनंद शुक्ला के नेतृत्व में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा कैंप का आयोजन किया गया। यहां 13 शाखा डालपालों ने 65 लाख रुपए की बीमित राशि का लक्ष्य प्राप्त किया। इस मौके पर डाक अधिदर्शक ओमप्रकाश, डाकपाल दीपक अग्निहोत्री, हृदेश गौतम, जगदीश शुक्ला, बिजेंद्र, कुंजबिहारी, हरिओम शर्मा, देवकीनंदन, कैलाश चंद, ललित शर्मा, सचिन, विनय, सतेंद्र, योगेंद्र, लक्ष्मी, हरिओम, सौरभ सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

## सट्टे की खाई-बाडी करते दो गिरफ्तार, कब्जे से 1, 030 रुपये नगद व पर्चा सट्टा, बरामद



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ-सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सट्टे की खाई-बाडी करते हुये 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है ।जिसके कब्जे 1030 रुपए नगद व पर्चा सट्टा बरामद हुए है। अभियुक्त अरुण कुमार उर्फ अनिल कुमार पुत्र भूरी सिंह और किशोर कुमार पुत्र सुनहरीलाल निवासी ग्राम नगला कैसो थाना जनपद हाथरस की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाथरस जंक्शन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र भोजपुर पर किया गया। सभी उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय से एक अध्यापक ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया प्रशिक्षण के संदर्भ दाता अनुराधा मित्तल व लता शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, जेंडर स्टीरियोटाइप को तोड़ना प्रगति के पंख, अरमान मॉड्यूल आदि पर विस्तार से चर्चा कर इन सभी विषयों पर उन्हें अवगत कराया।

सभी विद्यालयों में मीना मंच का प्रोग्राम प्रत्येक शनिवार को कराया जाता है जिसमें सभी गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं को समझाया जाता है मीना मंच के उद्देश्यों को कार्मिक बुक द्वारा अत्यंत सरल वह रोचक ढंग से नाटक द्वारा समझाया गया। सभी प्रतिभागियों को आधा फुल कॉमिक बुक को फिल्म के रूप में दिखाया गया और उसके बाद रोल प्ले के द्वारा उन्हें किस तरह से बच्चों को समझता है अवगत कराया गया। कल शिक्षा अधिकारी इश्क लाल जी द्वारा बालिका शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया गया और सभी सुगमकर्ता को इसके लिए प्रेरित किया गया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुदगल ने प्रतिभागियों को बालिकाओं में आत्मविश्वास भरना क्षमता संवर्धन तथा निडर बनाने के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान देने के लिए कहा। जिला बालिका नोडल पूनम शर्मा द्वारा बताया गया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर बच्चों को पता होना चाहिए तथा बालिकाओं की समस्याओं को जानने के लिए प्रत्येक विद्यालय में एक सी बॉक्स रखा जाए ताकि लड़कियां अपनी समस्या को अवगत करा सके और सुगम कर्ता द्वारा उसको देखा जाए। इस प्रशिक्षण में समाज में फैली कुरीतियों को तथा अंधविश्वासों को तोड़ने के लिए आदि पर विस्तार से चर्चा की गई ।इस प्रशिक्षण में अर्चना ,सुचिता व प्रीति शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## केमिस्ट फेडरेशन ने लगाया ऑनलाइन पोर्टल का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप

**गाजियाबाद।** औषधि लाइसेंस के संरक्षण में आ रही समस्याओं को लेकर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में प्रदेश के अधिकारियों पर ऑनलाइन पोर्टल का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। आरडीसी राज नगर निवासी फेडरेशन के महासचिव सुरेश गुप्ता ने बताया कि औषधि लाइसेंस के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए पोर्टल का गाजियाबाद समेत सभी जिलों में दुरुपयोग किया जा रहा है। ऑनलाइन चालान और कागजात अपलोड करने के बाद भी स्थानीय औषधि निरीक्षक लाइसेंस जारी नहीं कर रहे हैं। बल्कि कागजात में अन्य चीजों में कमियां निकाल सुविधा शुल्क ले रहे हैं। इससे दवा व्यापारियों में बेहद रोष व्याप्त है। नई लाइसेंस और नवीनीकरण में दवा व्यापारियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# डॉ० केएन मोदी कॉलेज में बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में बसंत पंचमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कॉलेज के शिक्षकों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की वैदिक रीति से पूजा अर्चना कर हवन में भाग लिया और तत्पश्चात माँ सरस्वती से आशीर्वाद लिया। ज्ञान, विद्या ,संगीत, कला की देवी माँ सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी से बसंत ऋतु की शुरूआत होती है सनातन धर्म में माँ सरस्वती की उपासना का विशेष महत्व है क्योंकि ये ज्ञान की देवी है ।विद्यालय परिवार की खुशहाली और उन्नति के लिए सभी ने माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक आर के सिंह, वाइ सी शर्मा, शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष शरद कुमार बाजपेई, आशाराम त्यागी, कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, डॉ ए के जैन, लाल मोहन सिंह ,संजय बंसल, बालकृष्ण, नरेंद्र कुमार, राम रतन वर्मा, लै० राजीव कुमार ,महानन्द सिंह, रवींद्र शर्मा, संजीव चौधरी, वर्षा चौधरी, डॉ नरेश कुमार, विनीत कुमार, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह, रुमा चौधरी, अनीता अग्रवाल, सारिम रिजवी, नितिन नेहरा, कोमल, त्यागी ,आशुतोष, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नींव द स्कूल मे बसंत पंचमी पर मेगा टैलेंट हंट का आयोजन





वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** 'नींव द स्कूल', मोदीनगर मे बसंत पंचमी के अवसर पर ₹मेगा टैलेंट हंटर₹ का आयोजन किया गयो

कार्यक्रम के आरंभ मे नींव द स्कूल के संस्थापक राम किशोर अग्रवाल ,वाइस चेयरमैन अरविंद अग्रवाल ,प्रबंधक अमित अग्रवाल, तहसीलदार रजत सिंह ,डायरेक्टर जनरल डॉक्टर अपर्णा शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती रोमी शर्मा द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीपक जलाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार रजत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना की प्रस्तुति द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने कलाकारों ने नृत्य प्रतियोगिता ,गायन वादन प्रतियोगिता ,कला प्रतियोगिता एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में विभिन्न प्रकार के खाने के स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल्स भी उपलब्ध थे, साथ ही छात्र-छात्राओं व नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले एवं अन्य मनोरंजक साधन भी उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को प्रबंधक अमित अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल डॉ अपर्णा शर्मा, एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती रोमी शर्मा द्वारा पुरस्कार एवं उपहार वितरित किए गए। नींव द स्कूल आशा करता है कि सभी बच्चे अपनी प्रतिभा को पहचान कर एवं उसे सही दिशा दिखाकर अपने आने वाले भविष्य में सफल एवं कामयाब रहे। नींव द स्कूल इस बात से भली भांति परिचित है कि हर एक नन्हे मुन्ने कलाकार में कोई ना कोई प्रतिभा अवश्य छिपी होती है आवश्यकता है तो उसे छिपी हुई प्रतिभा को दिखाने के लिए एक अवसर की इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस टैलेंट हंट का आयोजन किया गया।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में विश्व आर्द्र भूमि संरक्षण दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** विभागीय आदेशो के अन्तर्गत महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरी मोदीनगर के प्रांगण में ' विश्व आर्द्र भूमि संरक्षण दिवस ' मनाया गया। जिसके अंतर्गत उद्बोधन , शपथ और चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को जागरुक किया गया। छात्रों को आर्द्र भूमि के महत्व के बारे में बताया गया कि आर्द्र भूमि किस प्रकार से हमारे जैव विविधता को समृद्ध करते हैं और बढ़ते हुए वैश्विक तापमान को नियंत्रित करते हैं। साथ ही छात्रों को आर्द्र भूमि संरक्षण के विभिन्न उपाय बताए गए। इस अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ अंशु सिंह ने भी बच्चों का मार्गदर्शन और शिक्षकों का नेतृत्व करते हुए सामूहिक रुप से ' आर्द्र भूमि मित्र ' के रुपमें शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर न अनीता ढाका विजय शंकर नीलम आदित्य बबीता शर्मा अनुष्का साक्षी तनु सुशील आदि उपस्थित रहे।

## जर्जर मार्ग को ठीक कराए जाने की मांग को लेकर कार्यकताओं ने किया हवन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गांव अबूपुर जर्जर मार्ग को ठीक कराए जाने की मांग को लेकर निर्वाण फाउंडेशन धरना आज चौथे दिन भी जारी रहा। फाउंडेशन के कार्यकताओं ने हवन भी किया धरने संस्थापक ईश्वर चंद्र एवं ग्राम वासी समाजसेवी हरेंद्र शर्मा अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हुए है। प्रशासन की सध बुद्धि प्राप्त हो एक हवन भी कराया गया है। अलका नरेंद्र, राजीव शर्मा, डा. रामशरण शर्मा, अमित, अनीता, पुनीत शर्मा, देवेंद्र, प्रिंस, रोहित, ओमकार, जगपाल, शुभम शर्मा पंकज, प्रमिला, रजत चौ. दीपक, मनोज कुमार, पवन कुमार, सुरेंद्र, राम भज्जू ठाकुर, रामेश्वर, विनय, ललित, सतीश गिरी, पंडित सतेन्द्र शर्मा, जॉनी चौ., निखिल, लक्की, मुकेश, सलमान, सोनू, अमित अग्रवाल, विनय गर्ग, बंटी, मोंटी आदि लोग धरने पर उपस्थित रहे।



# मनोज सिंह (पिठला) के नेतृत्व में हरैया विधायक अजय सिंह ने इटौंजा ग्राम सभा में लगाई चौपाल

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** मिल्कीपुर का उपचुनाव आजकल सुर्खियों में चल रहा है वही बात करें तो आज बस्ती जिला के हरैया विधानसभा के भाजपा विधायक अजय सिंह ने मनोज सिंह( पिठला ) के नेतृत्व में ग्राम सभा इटौंजा में जन चौपाल लगाया गया विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हमको यह पहले से बताया गया कि यह गांव मुस्लिम बाहुल्य है ।यहां पर जन चौपाल लगाई जाए या नहीं तब हमने कहा 100% जन चौपाल लगाई जाए यहां जितने बुजुर्ग लोग बैठे हैं इनको सब पता है लेकिन विश्वास की कमी है। आप लोगों को लगता है कि हम लोग वोट देंगे तो माना नहीं जाएगा क्योंकि हमेशा हम लोग समाजवादी पार्टी या कांग्रेस को वोट देते चले आए हैं समाजवादी पार्टी वालों ने कहा कि हम तुम्हारे रक्षक है यह कहकर बराबर वोट ले लिया और कुछ नहीं किया शिक्षा के लिए कुछ नहीं किया ना घर के लिए कुछ किया ना लोगों को आगे बढ़ाने के लिए कुछ किया आपके जीवन में परिवर्तन कैसे हो उनको कोई चिंता नहीं थी हमारे घर की महिलाएं सौच के लिए बाहर जाती थी योगी सरकार ने शौचालय की व्यवस्था कराई महीने में दो बार राशन मुक्त दे रही है गरीब को आवास की व्यवस्था कर रही है लोग कहते हैं कि छुट्टा जानवर खेत को चर रहे हैं विधायक ने कहा यह जानवर योगी और मोदी के नहीं यह जानवर हमारे आपके हैं लोगों की दुर्घटनाएं होती हैं यहां पर गांव के मोहम्मद इस्तखार खान ,नईम खान इन्तियाज खान ,सुरेश कुमार विश्वकर्मा बूथ अध्यक्ष ,राजकुमार विश्वकर्मा, सीताराम विश्वकर्मा, राजाराम विश्वकर्मा, भूलन वर्मा, हीरालाल पासी, मोहम्मद अब्दुल हक उर्फ जमधर, मोहम्मद मिराज बब्बन सिंह, हरिहर सिंह ,शिवप्रसाद यादव, अर्जुन सिंह ,जोरियम पूर्व प्रधान बाबू राम यादव आदि मौजूद रहे।

## दो भाइयों को अगवा कर सुनसान जगह पर ले जाकर 25 लाख रुपये ऐंठे

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक उद्यमी भाइयों को बंधक बनाकर कुकर्म की धमकी देकर उससे 25 लाख रुपये लेने का मामला सामने आया है। कोर्ट ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए मामले में परिवाद दर्ज किया है। मसूरी गुलावठी रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री के मालिक ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उन्होंने अपनी फैक्ट्री का सौदा एक करोड़ 63 लाख 50 हजार रुपये में बीते वर्ष फरवरी में किया था। उन्हें खरीददार ने अग्रिम भुगतान 30 लाख रुपये करते हुए छह महीने में बैनामा करना तय हुआ। दो महीने बाद खरीददार ने उनसे कहा कि उन्हें सौदा नहीं करना है। वह दो दिन में उनके रुपये वापस कर दें अन्यथा अपनी फैक्ट्री सवा करोड़ रुपये में उन्हें बेच दें। पीड़ित ने उन्हें बताया कि वह किसी अन्य व्यक्ति से फैक्ट्री का सौदा कर तीन माह में उनके 30 लाख रुपये वापस कर देंगे। 29 अप्रैल को उन्हें खरीददार ने आरडीसी ऑफिस में मिलने बुलाया, जहां वह अपने भाई के साथ पहुंचे। आरोप है कि खरीददार दोनों भाइयों को कार में बंधक बनाकर हिंडन विहार की एक फैक्ट्री में ले गए और कपड़े उतारकर बैठा दिया। उन्हें धमकाया गया कि यदि रुपये नहीं दिए तो उनके साथ कई लोग यौन संबंध बनाएंगे और जान से मार देंगे। पीड़ित ने किसी तरह 25 लाख रुपये का इंतजाम कर आरोपितों को दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन केस दर्ज नहीं किया गया। परेशान होकर उन्होंने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की। कोर्ट ने मामले में परिवाद दर्ज करने का आदेश दिया है।

# मिल्कीपुर में भाजपा को बड़ी मिलेगी जीत- सूर्य प्रताप शाही

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश कृषि मंत्री व अयोध्या जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मिल्कीपुर में भाजपा को बड़ी जीत मिलने जा रही है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा लिए गए जनहित के फैसलों का असर गांव और गली में दिखाई पड़ रहा है, और जनता ने इस बार विपक्ष के सभी मनगढंत दावों की हवा निकालने के लिए तैयार बैठी है। अपने 6 महीने के प्रवास के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेंगे अमानीगंज विकासखंड के गहनाग में अजय सिंह और इब्राहिमपुर में मधुर कुमार श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित जन चौपाल को संबोधित करते हुए बीकापुर के विधायक अमित चौहान ने महिला सशक्तिकरण की योजनाओं पर बोलते हुए कहा कि आज मातृ शक्तियों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी में बढा है उन्होंने कहा की शौचालय राशन कार्ड विधवा पेंशन समेत बालिका समृद्धि की तमाम योजनाओं को उत्तर प्रदेश और भारत सरकार कुशलता से संचालित कर रही है ।उन्होंने कहा कि सरकार में कहीं भी भ्रष्टाचार नहीं हो रहा है और आम आदमी को मिलने वाला सरकारी अनुदान उसके खाते में सीधा जा रहा है जनचौपाल में वरिष्ठ भाजपा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित बब्बन शुक्ला महेंद्र सिंह ग्राम प्रधान संतोष मिश्रा पूर्व ग्राम प्रधान अजय सिंह मधुर कुमार श्रीवास्तव सूर्य प्रताप श्रीवास्तव आशुतोष मिश्रा काशीराम पांडे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# सीएम योगी का अखिलेश पर साधा निशाना, दो महीने के ट्वीट देखिए, उन्हें महाकुंभ से पीड़ा हो रही

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या के मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित कर कहा कि सपा सनातन और महाकुंभ की विरोधी है। मिल्कीपुर का चुनवा राष्ट्रवाद और परिवारवाद के बीच का है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सनातन का विरोध करती है। उनके दो महीने के ट्वीट देखिए। सदी के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ का सिर्फ विरोध किया है। अब तक 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगा चुके है। शनिवार को उपराष्ट्रपति और 75 देशों के राजदूत भी आए। पूरी दुनिया महाकुंभ में आ रही है लेकिन यह सब देख कर उनको पीड़ा हो रही है, जब भी सनातन धर्म का मान बढ़ता है तो हर भारतीय का सीना चौड़ा होता है लेकिन समाजवादी पार्टी और उनके नेता को तकलीफ होती है। मुख्यमंत्री योगी मिल्कीपुर के सर्वोदय इंटर कॉलेज रामगंज के मैदान मे जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या को देश और दुनिया बड़े पवित्र मन से स्मरण करती हैं। मिल्कीपुर या अयोध्या के वासी 2014 और 2017 के पहले का अयोध्या और बाद का अयोध्या देखें। जमीन आसामान का फर्क है।

जैसा जनसैलाब यहां पर दिखाई दे रहा वैसा अब अयोध्या में भी दिख रहा है। अयोध्या में विकास हो रहा है लेकिन सपा को यह विकास पच नहीं रहा हैं। अयोध्या में हुए विकास का सपा विरोध करती है ।अयोध्या के विकास को छोड़कर सपा को मुईद खान याद आ रहा हैं जिसने बच्ची की निर्ममता से हत्या कर दी थी। वो सनातन के विरोधी हैं। अयोध्या के विकास और महाकुंभ के आयोजन से उन्हें पीड़ा होती है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव राष्ट्रवाद और परिवारवाद के बीच का हैं। सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद भू माफिया हैं।

# जीडीए में म्यूटेशन, रिफंड, रजिस्ट्री, फ्री होल्ड समेत अन्य कार्यों के लिए आवेदक परेशान

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जीडीए में ई ऑफिस व्यवस्था लागू है। इसके बाद भी आवेदक परेशान है। म्यूटेशन, रिफंड, रजिस्ट्री, फ्री होल्ड समेत अन्य कार्यों के लिए आवेदक परेशान है। ज्यादातर आवेदकों के काम तय समयसीमा के भीतर नहीं हो रहे हैं। उन्हें प्राधिकरण के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। पिछले साल दिसंबर माह में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को पूरी तरह ई ऑफिस व्यवस्था में तब्दील कर दिया था। इसका मुख्य कारण प्राधिकरण में आने वाले कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा कराना था।

क्योंकि जीडीए में विभिन्न कार्यों को लेकर रोजाना 30 से अधिक आवेदन आते हैं। इसमें मुख्य रूप से म्यूटेशन, रिफंड, संपत्ति को फ्री होल्ड, डुप्लीकेट ऑर्डर, रजिस्ट्री और कब्जा से संबंधित होती है। यह सभी आवेदन ऑनलाइन किए जाते हैं। प्राधिकरण में इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए समयसीमा तय है, लेकिन फिर भी प्राधिकरण के बाबू लोगों का काम तय वक्त पर पूरा नहीं करते। ऐसे में बाबू आवेदक को उसके आवेदन में आपत्ति लगाकर प्राधिकरण के चक्कर कटाते रहते हैं। शुक्रवार को भी जीडीए स्वागत कक्ष के बाहर कार्यालय में अंदर जाने के लिए लोग पास बनवाते हुए नजर आए। जब उनसे प्राधिकरण आने का कारण पूछा तो उनमें से ज्यादातर ने अपने कार्य पूरा न होने के बाद बाबुओं से मिलने की बात बताई। हिमांशु गुप्ता गर्ग ने बताया कि उन्होंने म्यूटेशन कराने के लिए करीब तीन महीने पहले आवेदन किया था, लेकिन अभी तक म्यूटेशन नहीं हो सका है। बाबू हर बार दस्तावेजों की कमी बताकर टाल देता है। सुधीर गर्ग बताते हैं कि उन्होंने रिफंड लेने के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक रिफंड नहीं मिला है। नियमानुसार जीडीए के बाबू म्यूटेशन कराने के लिए जो आवेदन आते हैं। उसके सभी दस्तावेज उप निबंधक को सत्यापन के लिए भेजते हैं। ऐसे में बाबू खेल कर देते हैं। आरोप है कि वह आवेदक की रजिस्ट्री में लिखा होने के बाद भी उप निबंधक का पता सही नहीं लिखते। इस कारण वह दस्तावेज सत्यापन होकर समय पर नहीं आते हैं। जबकि जिस आवेदक से बाबुओं की सेटिंग हो जाती है। उनके दस्तावेज वह खुद ही मंगवा देते हैं। जीडीए ने ई ऑफिस व्यवस्था लागू तो कर दी है, लेकिन इसमें अभी भी दिक्कत आ रही है। कई बाबुओं को कंप्यूटर चलाने नहीं आते तो कई की गति काफी धीमी है। ऐसे में उन्हें कंप्यूटर पर काम करने में दिक्कत होती है। वहीं, धीमा इंटरनेट भी बाबुओं के लिए समस्या बना हुआ है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स का कहना है कि जीडीए में ई ऑफिस व्यवस्था लागू है। सभी अनुभाग के कर्मचारियों को हिदायत दी है कि तय वक्त पर काम पूरा करें। फिर भी अगर किसी आवेदक को कोई शिकायत है, तो वह अधिकारियों से संपर्क कर सकता है।

# वैशाली में नाला निर्माण, रेलिंग और ग्रीन बेल्ट का सौंदर्यीकरण कार्य की शुरूआत



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कौशांबी स्थित वार्ड-72, सेक्टर-1 वैशाली गुरुद्वारा से लेकर इंडियन बैंक नाले के साथ-साथ रेलिंग लगाने के कार्य का रविवार को क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में समाजसेवी केएल शर्मा एवं सुभाष शर्मा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। नाले के साथ-साथ लगी ग्रीन बेल्ट का सौंदर्यीकरण का कार्य भी होगा। क्षेत्रवासियों द्वारा पिछले काफी समय से मांग की जा रही थी। लोगों की मांग पर क्षेत्रीय पार्षद के अथक प्रयासों से आज आखिरकार कार्य की शुरूआत हुई है। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने बताया रेलिंग लगाने के बाद मिट्टी का भराव कराकर इस स्थान पर पेड़ और पौधे लगाए जाएंगे। इस जगह का इस्तेमाल पर्यावरण के लिए किया जाएगा। जिसके कारण नाले से आने वाली दुर्गंध भी काम हो जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा क्षेत्र का विकास ही प्रथम प्राथमिकता है। क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ हमे अपना प्रतिनिधि चुना है, उनके भरोसे पर खरा उतरना ही हमारा काम है। जिस तरह से क्षेत्र में पूर्व में काम किए गए है, उसी तरह आगे भी क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जाते रहेंगे। वहीं पार्षद ने महापौर और नगर आयुक्त का भी आभार प्रकट किया। क्षेत्र में कार्य का शुभारंभ होने पर क्षेत्रवासियों ने फूलों की माला पहनाकर पार्षद का सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अवधेश कटियार, हरिओम गुप्ता, शिव शंकर उपाध्याय, अशोक वर्मा, विमला भट्ट, प्रदीप सिसोदिया, प्रहलाद सिंह, अशोक शर्मा, कैलाश गोयल, मंगल सिंह, सजवान, दुष्यंत गौतम, पंकज शर्मा, यशपाल, जग्गी, एचपी सिंह, दिनेश सिंह, अभिषेक सिंह, सचिन, एसएल मिश्रा, कमलेश राठौर, दीपा भाटिया, प्रमोद वर्मा, मंजू, संदीप पांडे, प्रमोद वर्मा, एससी शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने इस शुभ कार्य में भाग लिया।

# कॉलेज के सामने अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़, दो भाई गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच इंदिरापुरम पुलिस ने अवैध हुक्कार बार का भंडा फोडफोड़ किया है। आरोपी कॉलेज के सामने ही अवैध रुप से हुक्का बार चला रहे थे। डीसीपी सिटी निमिष पाटिल ने बताया शनिवार रात को मुखबिर की सूचना पर मेवाड कॉलेज के सामने प्लाट संख्या-257, सैक्टर 2 सी अवैध रुप से संचालित हुक्का बार के संचालक व मैनेजर सहित आलोक यादव पुत्र शिवनाथ यादव निवासी गली नंबर-6 रामनगर अर्थला साहिबाबाद और उसका भाई अभिषेक यादव उर्फ सागर निवासी संजय एंकलेव गली नंबर-2 छपरौला बिसरख नोएडा को 3 हुक्का, 3 प्लेट, 3 पाइप, 3 चिलम, 1 चिमटा व 1 डिब्बा कोईल सहित गिरफ्तार किया गया।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे 655 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सार्वजनिक स्थान और सड़क किनारे गाड़ी में शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। इसी क्रम में तीनों जोन की पुलिस ने शनिवार शाम साढ़े छह से रात साढ़े नौ बजे तक अभियान चलाकर 655 लोगों को खुले में शराब पीते हुए गिरफ्तार किया। सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस एक्ट में चालान कर सभी को परिजनों के हवाले कर दिया गया। वहीं, दस्तावेज न दिखाने पर पांच वाहन भी सीज किए गए। कमिश्नरेट पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में शनिवार रात कमिश्नरेट के सभी जोन की पुलिस ने शाम साढ़े छह बजे से रात साढ़े नौ बजे अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान कुल 655 लोग खुले में शराब पीते हुए पकड़े गए। सिटी जोन में 300, ग्रामीण जोन में 190 ओर ट्रांस हिंडन जोन में 165 लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए पाए गए। सिटी जोन के नगर कोतवाली में 64, विजयनगर में 63, सिहानी गेट में 32, नंदग्राम में 79, कविनगर में 22 तथा मधुबन बापूधाम थाने में 40 लोग खुले में शराब पीते पकड़े गए। ट्रांस हिंडन जोन की इन्दिरापुरम पुलिस ने 36, कौशांबी पुलिस ने 30, खोड़ा पुलिस ने 10, साहिबाबाद पुलिस ने 30, लिंक रोड पुलिस ने 33, शालीमार गार्डन पुलिस ने 12, टीलामोड़ पुलिस ने 25 लोगों को हिरासत में लिया। ग्रामीण जोन में लोनी पुलिस ने 9, ट्रोनिका सिटी पुलिस ने 30, अंकुर विहार पुलिस ने 10, लोनी बॉर्डर पुलिस ने 20, मसूरी पुलिस ने 14, मुरादनगर पुलिस ने 13, मोदीनगर पुलिस ने 27, निवाड़ी पुलिस ने 7, भोजपुर पुलिस ने 11, वेव सिटी पुलिस ने 7 तथा क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने 42 लोग पकड़े। पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र का कहना है कि खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सार संक्षेप

### बुलन्दशहर रोड इन्डस्ट्रीय एरिया पर माता सरस्वती की पूजा तथा भन्डारे का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मगध विकास समिति रजि० के द्वारा, सी-25/5 भगवान नागेश्वर महादेव मन्दिर बुलन्दशहर रोड इन्डस्ट्रीय एरिया पर माता सरस्वती की पूजा तथा भन्डारे का आयोजन बडे धूम धाम से मनाया गया, जिसमें अध्यक्ष हरेराम यादव व महामन्त्री छोटे लाल कनोजिया तथा कोषाध्यक्ष सिकन्दर जी ने सभी आगन्तुक अथितियों का पटका पहनाकर तथा मोमेन्टो देकर सम्मानित किया इसमें उपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में पूर्व सांसद (राज्यसभा) डॉ अनिल अग्रवाल डॉक्ट कवि जय प्रकाश मिश्रा ब्रह्मऋषि डॉ बीके शर्मा हनुमान परमार्थ सेवा समिति वी के अग्रवाल डॉ मधु शर्मा शुभम तोमर पूर्व पार्षद अर्चना सिंह सलहाकार समिति सदस्य राहुल डॉ संदीप शर्मा कवि दीपक दीप डॉ सतीश भारद्वाज रेडक्रॉस के सभापति डॉ सुभाष गुप्ता परुषार्थसेवा समिति डीसी बंसल राजीव त्यागी राज आलोक त्यागी वीरेंद्र कंडेरे संजय गर्ग राजेश गुप्ता वंदना लखनपाल मनीष गौड़ चंदेश्वर भगत संजीव नागपाल राजेश कलेदर यादव संतोष डॉ मिलेश पाण्डेय अरुण अग्रवाल तुलेश्वर यादव अन्दर मोहन यादव अक्षय सिन्हा अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य डाकघर में आधार कार्ड बनाने का कार्य शुरू

**गाजियाबाद।** नवयुग मार्केट स्थित मुख्य डाक घर में आधार कार्ड बनाने का कार्य शुरू हो गया है। बीते शनिवार को डाक घर स्थित आधार केंद्र के कंप्यूटर में खराबी आने से आधार नहीं बन पा रहा था। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। नवयुग मार्केट स्थित मुख्य प्रधान डाक घर शहर के मुख्य डाक घरों में आता है। इस डाक घर में लोगों का अत्याधिक दबाव रहता है। दूर दूर से लोग यहां डाक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में खाता खुलवाने से लेकर अन्य कार्यों से आते हैं। इस मुख्य डाक घर में ही आधार केंद्र भी स्थित है जहां छोटे बच्चों से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों का नया आधार कार्ड बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त आधार में अपडेट कराने की भी सुविधा है।

# इनकम टैक्स में छूट की सीमा बढ़ाने से मिडिल क्लास को मिली संजीवनी: प्रदीप गुप्ता

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** देश की फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अपना 8वां बजट पेश कर दिया है। रेंट पर लगने वाले टीडीएस की लिमिट को बढ़ाकर 2.4 लाख रुपए से 6 लाख रुपए किया है। जिससे रेंट मार्केट में भी तेजी देखने को मिलेगी। वहीं अंत में 12 लाख रुपए की सालाना कमाई टैक्स फ्री होने से आम लोगों के हाथों में पैसा आएगा। जिससे वो रियल एस्टेट में निवेश करने के लिए प्रेरित होंगे। व्यापारी एकता समिति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता का कहना है कि बजट 2025 दिखाता है कि सरकार इकोनॉमी को बढ़ाने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए गंभीर है। स्टार्ट-अप्स और रोजगार सृजन के लिए उठाए गए कदम, साथ ही आयकर स्लैब में की गई कटौती, इन उपायों से रियल एस्टेट सेक्टर में पैसे की उपलब्धता बढ़ेगी और लोगों की घर खरीदने की इच्छा भी बढ़ेगी। केंद्रीय बजट 2025 में सरकार ने देश की आर्थिक वृद्धि के लिए अच्छे कदम उठाए हैं, जिसमें कर सुधार और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है। नए टैक्स स्लैब और 12 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स न होने से लोगों की आय बढ़ेगी और खासकर पहली बार घर खरीदने वालों की मांग बढ़ेगी।

# सरल सामूहिक विवाह में राष्ट्रीय व्यापार मंडल टीम ने दिया आशीर्वाद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारत विकास परिषद् साहिबाबाद द्वारा आयोजित सात फेरेझ सरल सामूहिक विवाह कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, पश्चिम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय, साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण भाटी तथा भारत विकास परिषद के आयोजन गण। सभी ने पांच बेटियों को सुखमय खुशहाल जीवन के आशीर्वाद के साथ साथ वर वधू विवाह सूत्र बंधन की अनंत तक शुभकामनाएं दीं।

### निशुल्क बीपी, शुगर, टीवी आदि का परीक्षण तथा मुफ्त दवाई वितरण किया




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रविवार को प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक राजनगर एक्सटेंशन के मेरठ मंडल राष्ट्रीय व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल के प्रतिष्ठान चार्मस कैसल सोसाइटी में आयुष्मान कार्ड, श्रेया आई सेन्टर की ओर से नेत्र जांच शिविर तथा सीएमओ गाजियाबाद द्वारा निशुल्क बीपी, शुगर, टीवी आदि का परीक्षण तथा मुफ्त दवाई वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापार मंडल राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी द्वारा 70 प्लस के वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई 5 लाख तक की इलाज के 55 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवाये इस अवसर पर पंडित अशोक भारतीय ने सभी से सुरक्षित इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने का आग्रह किया क्षेत्र की जनता ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल के मेरठ मंडल अध्यक्ष अजय सिंघल के चार्मस कैसल के स्वास्थ्य जांच शिविर के कार्यक्रम की सराहना की इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदीप चौधरी, अजय सिंघल, पंडित अशोक भारतीय, बालकिशन गुप्ता, पूर्व आईएएस अधिकारी ओमवीर बीरबाल, डॉक्टर विकास वीरवाल, पार्षद सुमन लता पाल, अनीता सिंघल, राजीव अग्रवाल, नरेश सिरोही, सत्यम मिश्रा, पंकज, प्रशान्त सरैया आदि उपस्थित थे।

# नगर निगम के कृत्रिम तालाब में होगा मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** शहर में सभी पर्व को लेकर नगर निगम व्यवस्थाओं में जुटा रहता है। वहीं बसंत पंचमी के पर्व पर शहर की सफाई व्यवस्था व्यवस्थित रहें, इसके लिए नगर निगम ने सरस्वती माता की पूजन के लिए आयोजित कार्यक्रमों में व्यवस्थाओं को संभाले हुए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार अर्थला स्थित हिंडन विहार मे मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब की व्यवस्था की है। नगर आयुक्त के इस प्रयास से एक तरफ जहां शहर की सफाई दुरुस्त रहेगी तो वहीं मूर्ति विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं को भी कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। तालाब की लंबाई 20 मीटर और 20 मीटर चौड़ाई है। स्वच्छता का भी विशेष ध्यान दिया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो और मूर्ति विसर्जन सुरक्षित और सुविधाजनक हो इसके लिए नगर निगम द्वारा व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त ने बताया हिंडन नदी की स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। जिसमें शासन-प्रशासन तो अपनी भूमिका निभाता है। वही नगर निगम की टीम भी लगातार हिंडन नदी की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए कार्य करती रहती है। जिसमें कई सामाजिक संस्थाएं भी हिंडन नदी की स्वच्छता में अपना सहयोग करती है। मूर्तियों का विसर्जन हिंडन नदी में ना हो या किसी अन्य पूजा सामग्री को भी हिंडन नदी में विसर्जित ना किया जाए, सभी श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है। बसंत पंचमी के अवसर पर सभी को शुभकामनाओं के साथ मूर्तियों का विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा बनाए गए कृत्रिम तालाब में ही करें अपील की जा रही है। नगर आयुक्त लगातार शहर की स्वच्छता के साथ-साथ हिंडन नदी की स्वच्छता के लिए भी शहर को जागरुक कर रहे। कृत्रिम तालाब बनाने में निर्माण विभाग, जलकर विभाग, स्वास्थ्य विभाग और प्रकाश विभाग की अहम भूमिका रही है। शहर वासियों को जागरूक करने में जनप्रतिनिधियों की भी अहम भूमिका हिंडन नदी की स्वच्छता में है। नगर निगम द्वारा दशहरा के साथ-साथ अन्य ऐसे त्यौहार जिसमें मूर्ति विसर्जन का चलन है, हर बार कृत्रिम तालाब की व्यवस्था की गई है।